# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 8 फरवरी 2026

संवत 2082, फाल्गुन कृष्ण 7 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 148 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ बीटेक के लिए ईई या ईसीई कौन बेहतर ?

एक्शन अवतार में फिर लौटे सनी देओल ◀◀ 6




## कूनो नेशनल पार्क में चीता आशा दोबारा बनी मां, पांच शावकों को दिया जन्म, अब 35 चीते



**एजेंसी/ श्योपुरः** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में नामीबियाई चीता आशा ने पांच शावकों को जन्म दिया है। यह प्रोजेक्ट चीता के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे भारत में जन्मे जीवित शावकों की संख्या बढकर 24 हो गई है। इसी के साथ देश में चीतों की कुल आबादी अब 35 हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस खबर की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट चीता के लिए यह बहुत गर्व और खुशी का पल है, क्योंकि नामीबियाई चीता आशा दूसरी बार मां बनी और उसने शनिवार को कूनो नेशनल पार्क में पांच शावकों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि पांच नए शावकों के साथ, भारत में पैदा हुए जीवित शावकों की संख्या 24 हो गई है। भारतीय धरती पर चीतों का आठवीं बार सफल जन्म हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण के प्रति जागरूक नेतृत्व में शुरू की गई और पोषित भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## 26 फरवरी को जमशेदपुर आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , श्री जगन्नाथ मंदिर का करेंगी शिलान्यास



**जमशेदपुरः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 फरवरी को जमशेदपुर आएंगी, जहां वह श्री जगन्नाथ मंदिर और आध्यात्मिक शिक्षा केंद्र का शिलान्यास करेंगी। यह जानकारी श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चैरेटिबल सेंटर ट्रस्ट के ट्रस्टी एस के बेहरा ने दी है। श्री जगन्नाथ मंदिर और श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक केंद्र शहर में मरीन ड्राइव के पास बनाए जाएंगे।

जमशेदपुर में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर श्री आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चैरेटिबल सेंटर ट्रस्ट के ट्रस्टी एस के बेहरा ने बताया कि यह परियोजना केवल धार्मिक स्थान नहीं बल्कि आज की नई पीढ़ी और विद्यार्थियों के शैक्षनिक विकास के लिए एक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक अध्यन केंद्र के रूप में विकसित होगा। आध्यात्मिक केंद्र के बाद उसी परिसर में 2.5 एकड़ क्षेत्र में पत्थर से मंदिर का निर्माण होगा। जहां वास्तुकला और अदभुत शिल्पकला का संगम दिखेगा।

एस के बेहरा ने बताया कि जब द्रौपदी मुर्मू झारखंड की राज्यपाल थी, उस समय यह भूमि आवंटित हुई थी। श्री जगन्नाथ मंदिर के निर्माण में लगभग चार वर्ष का समय लगेगा। हालांकि मंदिर निर्माण से पूर्व आध्यात्मिक केंद्र का निर्माण कर लिया जाएगा। मंदिर बनने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

एस के बेहरा ने बताया कि भूमि पूजन शिलान्यास समारोह के दौरान राष्ट्रपति सभा को भी संबोधित करेंगी। इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार भी मौजूद रहेंगे। बता दें कि द्रौपदी मुर्मू भारत की राष्ट्रपति बनने के बाद दूसरी बार जमशेदपुर आ रही है। इसके पहले करनडीह में संथाली ओलचिकी लिपि के शताब्दी वर्ष के समापन समारोह में आई थी।

# घरेलू विवाद में पिता ने दबाया दूधमुंहे बच्चे का गला, मौत, मां ने लगाया गंभीर आरोप



संवाददाता

**धनबाद :** जिले के झरिया स्थित लोदना ओपी क्षेत्र अंतर्गत मधुबन 40 धोड़ा, मुखिया मोहल्ला से दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पिता पर अपने ही दो माह के मासूम बेटे की हत्या करने का गंभीर आरोप लगा है। इस संबंध में पीड़िता महिला ने लोदना ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पति के साथ होता रहता था घरेलू विवादः पीड़िता के अनुसार, पति के साथ उसका आए दिन घरेलू विवाद होता रहता था और मारपीट भी आम बात हो गयी थी। महिला ने बताया कि घटना वाली रात भी पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी। विवाद के बाद वह अपने दो माह के बेटे को दूध पिलाकर सुला दी और खुद भी आराम करने चली गयी। कुछ देर बाद जब महिला की नींद खुली तो उसने देखा कि बच्चे की हालत अचानक बिगड़ गई है और उसकी नाक से खून बह रहा है। इसके बाद मां ने तुरंत मासूम को झरिया अस्पताल ले गयी, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। हालांकि वहां पहुंचने के बाद डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

महिला का आरोप- मासूम की गला दबाकर कर दी गयी हत्याः महिला का आरोप है कि विवाद के बाद जब घर के सभी लोग सो गये थे, उसी दौरान उसके पति ने मासूम बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोप सामने आते ही लोदना ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। मृत बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके।

पोस्टमार्टम के बाद ही हो पाएगी स्थिति स्पष्टः लोदना ओपी प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि महिला ने अपने पति पर दो माह के बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है, इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है और लोगों में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है।

## बेकाबू बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत, पोती गंभीर

**सरायकेला :** सरायकेला-राजनगर मार्ग पर कोलाबाडिया के समीप शनिवार शाम हुए सड़क हादसे में इवनिंग वॉक कर रही एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी पोती गंभीर रूप से घायल हो गयी। मृतका की पहचान कोलाबाडिया निवासी तारु दास (60) के रूप में हुई है। घायल पोती नेहा दास (12) का इलाज सरायकेला सदर अस्पताल में चल रहा है।

**अपनी पोती के साथ इवनिंग वॉक कर रही थी बुजुर्ग महिलाः** प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम करीब 5 |30 बजे तारु दास अपनी पोती नेहा दास के साथ सड़क किनारे इवनिंग वॉक कर रही थीं। इसी दौरान एक अनियंत्रित बाइक ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दादी और पोती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

इलाज के दौराम बुजुर्ग की मौतः घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सरायकेला सदर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने बुजुर्ग महिला तारु दास की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया। जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल में इलाज के दौरान रात करीब 11 बजे तारु दास की मौत हो गई।

**सरायकेला सदर अस्पताल में चल रहा नेहा दास का इलाजः** वहीं हादसे में घायल पोती नेहा दास का इलाज सरायकेला सदर अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार नेहा के पीठ और छाती में गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि उसकी स्थिति फिलहाल स्थिर बतायी जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने सरायकेला-राजनगर मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाह वाहन चालकों पर नियंत्रण की मांग की है।

### भारत-मलेशिया संबंधों को नई गति,अनवर बोले-

## पीएम मोदी के साथ मुलाकात रही अहम और निर्णायक, 11 समझौते हुए फाइनल

**नई दिल्ली/एजेंसीः** मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी बैठक को बहुत महत्वपूर्ण, रणनीतिक और निर्णायक बताया और कहा कि यह दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। मोदी इस समय मलेशिया के दो-दिवसीय दौरे पर हैं, जिसमें वे कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। कुआलालंपुर में दोनों नेताओं ने प्रतिनिधि-स्तरीय वार्ता की और 11 दस्तावेजों सहित कई समझौतों पर



हस्ताक्षर का साक्षी बने। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनवर ने कहा कि भारत-मलेशिया के संबंध 1957 से चले आ रहे हैं और 2024 में इसे व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंध, मजबूत जन-स्तरीय जुड़ाव और लगातार बढ़ती आर्थिक साझेदारी मौजूद है।

अनवर ने आगे कहा कि भविष्य में दोनों देश व्यापार और निवेश, सेमीकंडक्टर, डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्थानीय मुद्रा में व्यापार, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, कृषि, खाद्य सुरक्षा, सुरक्षा, रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों को और गहरा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इन पहलों को तेजी से लागू करने के लिए दोनों सरकारों और विदेश मंत्रियों की प्रतिबद्धता है। वार्ता के परिणामों पर अनवर ने बताया कि 11 दस्तावेजों के हस्ताक्षर किए गए, जिनमें टङ्कव२ और पत्रों का आदान-प्रदान शामिल था। उन्होंने कहा कि ये समझौते पारंपरिक द्विपक्षीय समझौतों से आगे हैं और इनमें से कई क्षेत्र–जैसे सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और सुरक्षा सहयोग-शांतिरक्षा जैसी पहलें भी शामिल हैं।

### मुंबई में मोहन भागवत का बड़ा बयान

## 'आरएसएस प्रमुख किसी जाति का नहीं, केवल हिंदू होगा'

**मुंबईः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ। मोहन भागवत ने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आरएसएस प्रमुख कौन बन सकता है, इस बात को लेकर बड़ा बयान दिया। भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ का सरसंघचालक किसी जाति का नहीं होगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ब्राह्मण, क्षत्रिय या अन्य जाति का होना जरूरी नहीं है, केवल एक शर्त है, जो बने वह हिंदू होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जाति के आधार पर पद का चयन नहीं किया जाता, केवल हिन्दू होने की शर्त जरूरी है। बता दें कि मोहन भागतव ने मुंबई में आयोजित आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में ये बातें कही। इस मौके



पर कार्यक्रम में कई जानी-मानी हस्तियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने साफ किया कि जाति से नहीं बल्कि हिंदू होने से ही इस पद के लिए पात्रता तय होती है।

**भागवत बोले- अंग्रेजी का उपयोग जरूरत पर ही :** इस दौरान भागवत ने अंग्रेजी भाषा के उपयोग को लेकर भी अपना रुख साफ किया। उन्होंने कहा कि उनका अंग्रेजी से कोई विरोध नहीं है। जहां अंग्रेजी के बिना काम नहीं चल सकता, वहां इसका उपयोग किया जाता है।

# भारत ने अपने कृषि और डेयरी सेक्टर पर लगाया सुरक्षा कवच,यूएस को नहीं दी ढील

### पीयूष गोयल ने बताई ट्रेड डील की रूपरेखा

**नई दिल्लीः** भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के स्ट्रक्चर को अंतिम रूप दे दिया गया है। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उस पर साइन भी कर दिए हैं। इसके बाद केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस डील की प्रमुख बातों को बताया। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमरीका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि यह व्यापार समझौता निर्यात को बढ़ावा देने वाला साबित होगा। खासतौर पर टैरिफ रेट 18 फीसदी हो जाने का खासा फायदा भारत को मिलेगा। पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 अरब डॉलर के अमरीकी बाजार को खोलेगा। बता दें कि भारत और अमेरिका ने शुक्रवार देर रात अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50 फीसदी घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 फीसदी अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है।

इस पर श्री गोयल ने कहा कि 50 फीसदी का टैरिफ घटकर 18 फीसदी पर आ चुका है। यह हमारे पड़ोसी देशों की तुलना में बहुत कम है। इससे हमारे निर्यातकों को काफी फायदा मिलेगा। इस डील के बाद भारत के सामानों पर अमरीका एक्सपोर्ट करने पर अधिकतम 18 फीसदी ही टैरिफ लगेगा। वहीं ट्रेड डील के तहत कई चीजों को टैरिफ से मुक्त भी रखा है। पीयूष गोयल ने किसानों के हितों को सबसे ऊपर रखते हुए कहा कि इस समझौते से भारतीय कृषि उत्पादों को अमेरिकी बाजार में बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के प्रवेश मिलेगा, जबकि अमरीका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया गया है कि इससे देश के किसानों को कोई नुकसान न हो। श्री गोयल ने अमरीका के साथ अंतरिम व्यापार



समझौते को विकसित भारत 2047 की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इसमें देश के किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है। इससे 30 अरब डॉलर का अमरीकी बाजार भारतीय निर्यातकों के लिए खुलेगा। उन्होंने कहा कि कुछ किसान विरोधी लोग यह दुष्प्रचार कर रहे हैं कि इससे भारतीय किसानों को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि हमने इस समझौते में कोई ऐसा काम नहीं किया है जिसमें देश के किसानों, हस्तशिल्प और हथकरघा को कोई नुकसान पहुंचे। श्री गोयल ने कहा कि यह समझौता किसानों, एमएसएमई, हस्तशिल्प और हथकरघा के हितों को किसी भी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि भारत ने अल्कोहल युक्त पेय पदार्थ, सौंदर्य प्रसाधन और चिकित्सा उपकरणों जैसे क्षेत्रों में अमरीका को शुल्क रियायतें दी हैं। व्यापार समझौते के तहत भारत को कुछ वाहनों और विमानों के कलपुर्जों पर भी अमरीका में शून्य जवाबी शुल्क का लाभ मिलेगा।

**डेयरी प्रोडक्ट सेफः** डेयरी प्रोडक्ट जैसे दूध (तरल, पाउडर, कैंडीड आदि), पनीर(मोजेरेला, ब्लू वेन्ड, कसा हुआ/पाउडर आदि), क्रीम, मक्खन तेल, दही, पनीर और अन्य उत्पाद, छाछ, मा उत्पाद आदि, मक्खन और घी पूरी तरह सेफ रखे गए हैं। अनाज-दलहन की सुरक्षाः अनाज में रागी, गेहूं, कोपरा, समाक, मक्का, बाजरा, चावल, जौ, जई, ज्वार, महीन आटा, और आटा (गेहूं, मक्का, चावल, बाजरा आदि) के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध

**सब्जियों के आयात पर रोक :** फ्रोजन सब्जियां जैसे आलू, मटर, खीरा और गुरकिन। इसके अलावा बीन्स, अन्य फलियां (छिलके वाली या बिना छिलके वाली), अस्थायी रूप से संरक्षित सब्जियां जैसे खीरा और मशरूम और मिश्रित डिब्बाबंद सब्जियां। इन सब का आयात नहीं हो सकेगा। मसालों का संरक्षणः काली मिर्च, लंबी, सूखी हरी मिर्च, दालचीनी (छाल, फूल आदि), धनिया, जीरा, हींग, अदरक, हल्दी, अजवाइन, मेथी, कैसिया, सरसों, राई, भूसी और अन्य पिसे हुए मसालों को पूर्ण सुरक्षा दी गई।

मेक इन इंडिया होगा मजबूत, बड़े पैमाने पर पैदा होगा रोजगारः भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जाहिर करते हुए अमरीका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों महान देशों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बन गई है। मैं दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रति राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह फ्रेमवर्क हमारी साझेदारी की बढ़ती गहराई, विश्वास और गतिशीलता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि भारत-अमरीका व्यापार समझौता हमारे किसानों, उद्यमियों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, स्टार्टअप और मछुआरों को नए अवसर प्रदान करके मेक इन इंडिया को बढ़ावा देगा। इससे महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यह फ्रेमवर्क मजबूत और भरोसेमंद सप्लाई चेन को भी मजबूत करेगा और वैश्विक विकास में योगदान देगा।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की बड़ी पहल

# हेमंत सरकार 50 लाख महिला लाभुकों को स्वरोजगार के लिए देगी 20-20 हजार का ऋण

## 8 मार्च को सरकार लॉन्च करेगी यह योजना

**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड सरकार मंईयां सम्मान योजना से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। राज्य सरकार 50 लाख महिला लाभुकों को स्वरोजगार के लिए बैंक के माध्यम से 20-20 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराने की योजना पर काम कर रही है। अगर यह प्रस्ताव सफल रहा तो इसे आगामी बजट में शामिल किया जा सकता है।

सूत्रों के अनुसार, इस योजना को लेकर शनिवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में बैंकों के साथ एक अहम बैठक हुई। बैठक में सभी बैंक प्रतिनिधियों ने योजना के क्रियान्वयन में सहयोग करने पर सहमति जताई और वरीय प्रबंधन से जल्द अनुमति लेने की बात कही। फिलहाल मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की सहायता राशि दी जा रही है। सरकार इसी राशि को आधार बनाकर महिलाओं को छोटे व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित करना चाहती है। वित्त मंत्री ने बैंकों के सामने प्रस्ताव रखा कि ऋण की किस्त महिलाओं को मिलने वाली सम्मान राशि से ही समायोजित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस राशि को पूंजी के रूप में इस्तेमाल कर महिलाओं को उद्यमी बनाया जा सकता है।




सरकार इस योजना को औपचारिक रूप से 8 मार्च, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुरू करने पर विचार कर रही है। इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री की भी सहमति प्राप्त है। योजना के नाम को लेकर भी मुख्यमंत्री से विमर्श किया जाएगा। ऋण की अदायगी के लिए 12 से 24 महीने की समय-सीमा तय करने का सुझाव दिया गया है। इस पर वित्त विभाग और बैंकों के प्रतिनिधि आपसी सहमति से अंतिम निर्णय लेंगे। यह भी प्रस्ताव है कि यदि कोई लाभुक समय पर ऋण चुका देती है, तो बैंक व्यवसाय का भौतिक सत्यापन कर उसकी ऋण सीमा बढ़ाकर 50 हजार रुपये तक कर सकते हैं। ऋण पर ब्याज दर केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) के मानकों के अनुरूप रखने पर विचार किया जा रहा है।

वित्त मंत्री ने बैंकों से आग्रह किया है कि ऋण प्रक्रिया को बेहद सरल रखा जाए। तय किया गया है कि केवल आधार कार्ड को अनिवार्य दस्तावेज बनाया जाए। आवेदन दस रुपये के रेवेन्यू स्टांप पर स्वीकार किया जा सकता है और सात दिनों के भीतर ऋण प्रक्रिया पूरी की जाएगी। योजना की निगरानी के लिए एक विशेष डिजिटल पोर्टल तैयार किया जाएगा। इस पोर्टल के जरिए ऋण वितरण और अदायगी की नियमित निगरानी की जाएगी। वित्त विभाग के अधिकारी बैंकों के साथ मिलकर पोर्टल की संरचना तैयार करेंगे।

### झारखंड में फिर लौटी कड़ाके की ठंड

## रांची में गिरा पारा, घने कोहरे ने बढ़ाई लोगों की परेशानी




**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड में मौसम ने एक बार फिर अचानक करवट ले ली है। बीते कुछ दिनों से तापमान में आई बढ़ोतरी के बाद अब राज्य में कड़ाके की ठंड ने जोर पकड़ लिया है। राजधानी रांची में न्यूनतम तापमान गिरकर 6.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे लोगों को ठिठुरन भरी ठंड का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के अन्य जिलों में भी तापमान सामान्य से काफी नीचे दर्ज किया गया है।

**शीतलहर अगले एक सप्ताह तक बनी रह सकती है:** मौसम विभाग के अनुसार, हिमालयी क्षेत्रों में हो रही भारी बफबारी और वहां से आने वाली ठंडी हवाओं का सीधा असर झारखंड के मौसम पर पड़ रहा है। विभाग का कहना है कि यह शीतलहर अगले एक सप्ताह तक बनी रह सकती है। पिछले 24 घंटों में कई जिलों में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। डाल्टनगंज में तापमान 8.02 डिग्री, खूंटी में 8.6 डिग्री, जबकि लातेहार और लोहरदगा में यह 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। राज्य के कम से कम 13 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। इनमें रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़ और पलामू प्रमुख हैं। ठंड के साथ-साथ सुबह के समय घना कोहरा भी लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है।

**सूर्योदय के बाद ही घर से निकलें :** मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और रांची में सुबह के समय दृश्यता घटकर मात्र 50 मीटर तक रह सकती है। ऐसे में वाहन चालकों और यात्रियों को विशेष सतकर्ता बरतने तथा सूर्योदय के बाद ही घर से निकलने की सलाह दी गई है। हालांकि, दिन के अधिकतम तापमान में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं है। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, जबकि जमशेदपुर में यह 29 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

## चतरा में सड़क दुर्घटना, एक मजदूर घायल



**चतराः** जिला मुख्यालय में हुई एक सड़क दुर्घटना में मजदूर घायल हो गया। यह घटना जतराहीबाग मुहल्ले के पास उस समय घटी, जब एक मजदूर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि व्यक्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल व्यक्ति को सड़क से उठाया और इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार घायल की स्थिति सामान्य है। घायल व्यक्ति की पहचान देवनंदन प्रजापति के रूप में हुई है। वह प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सिजुआ केवलिया गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

## सड़क हादसे में चतरा सांसद कालीचरण सिंह के चचेरे भाई की मौत



**चतराः** जिले में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला सदर थाना क्षेत्र के धमनियां मोड़ के पास का है, जहां हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में चतरा सांसद कालीचरण सिंह के चचेरे भाई प्रह्लाद सिंह (70 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्रह्लाद सिंह सड़क किनारे मौजूद थे, इसी दौरान एक गैस लदे वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना सदर थाना को दी। सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।घटना की जानकारी मिलते ही सांसद कालीचरण सिंह भी सदर अस्पताल पहुंचे। और घटना की जानकारी ली। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने धमनियां मोड़ को दुर्घटना संभावित क्षेत्र बताते हुए यहां यातायात व्यवस्था और सुरक्षा उपाय मजबूत करने की मांग की है।

### कौलेश्वरी पहाड़ पर मुंडन संस्कार को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# सैकड़ों बच्चों का हुआ मुंडन संस्कार

### पहाड़ की तलहटी हटवारिया में दिखा सैकड़ो गाड़ियों की काफिला

**संवाददाता**

**चतराः** जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित सुप्रसिद्ध तीन धर्मों का समागम स्थल मां कौलेश्वरी पहाड़ पर शनिवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा ।कौलेश्वरी की तलहटी हटवरिया में काफी संख्या में बड़ी एवं छोटी गाड़ियों का काफिला दिखा। हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।जानकारी के अनुसार, मुंडन की शुभ मुहूर्त होने के कारण यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शनिवार अहले सुबह लगभग चार बजे से ही झारखंड, बिहार, सहित कई राज्यों से विभिन्न वाहनों से श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे। यहां भक्तों ने पहाड़ के उपर संगम स्थल में स्नान कर मां कौलेश्वरी देवी की पूजा झ्र अर्चना कर मत्था टेका। नारियल बलि देकर रक्षा सूत्र बंधवाया। मुंडनशाला में सैकड़ों बच्चों का मुंडन संस्कार कराया गया। श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ को देख कौलेश्वरी प्रबंधन समिति एवं पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखी। श्रद्धालुओं की भीड से पहाड़ से लेकर पूरा तलहटी क्षेत्र हटवरिया एवं हंटरगंज बजार में भी जाम का असर दिखा। ज्ञात हो कि माता के मंदिर में सालों भर भीड़ रहती हैं,परंतु नवरात्रा,रामनवमी, एवं मुंडन संस्कार में कौलेश्वरी पहाड़ पर काफी संख्या में श्रद्धालुओं के भीड़ लगती है। मान्यता है कौलेश्वरी मंदिर पहाडी पर पत्थर रख देने से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा करने से हर इच्छा पूरी हो जाती है। मन्नत पूरी होने के बाद पत्थर को उतार दिया जाता है। पूरे दिन माता के दर्शन व पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रही। कौलेश्वरी पहाड़ पर आए सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित पूजा अर्चना करने को लेकर कुलेश्वरी प्रबंधन समिति के सदस्य तत्पर थे। प्रबंधन समिति के कोष में भी इजाफा होगा, श्रद्धालुओं की भीड़ को देख समिति के लोग गदगद दिखे। मुंडन संस्कार में माता को बकरे की बलि दी जाती है। मन्नत पूरा होने के बाद श्रद्धालु माता के दरबार में पूजा अर्चना करते हैं और बकरे की बाली दी जाती है। कौलेश्वरी पहाड़ के नीचे तलहट्टी क्षेत्र हटवारिया में श्रद्धालुओं से भरा रहा। समिति के कोष में इतनी इजाफा होने के बाद भी श्रद्धालुओं से हुई बातचीत में मंदिर एवं तलहटी में पीने की पानी की व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालुओ में नाराजगी दिखी।



### नक्सलियों को करारा झटका

## पारसनाथ पहाड़ी से जमीन में दबा हथियारों का जखीरा बरामद



**संवाददाता**

,6

**गिरिडीहः** जिले में नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पारसनाथ पहाड़ी के दुर्गम इलाके से जमीन के भीतर छिपाकर रखे गए भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। यह रिकवरी हाल के वर्षों में नक्सलियों के खिलाफ सबसे अहम सफलताओं में गिनी जा रही है।

गुप्त सूचना के आधार पर भालकी और कानेडीह क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जहां करीब 15 फीट गहराई में दबाकर रखे गए हथियारों को बाहर निकाला गया। ऑपरेशन में बीडीडीएस टीम की भी अहम भूमिका रही, जिससे पूरे इलाके को सुरक्षित तरीके से खंगाला गया।

बरामद हथियार और सामग्रीः सुरक्षा बलों को मौके से जो सामग्री मिली है, उसमें शामिल हैं–

**303 बोल्ट एक्शन सिंगल शॉट राइफलः** 11
**22 बोर राइफलः** 9
**हैंड ग्रेनेडः** 6
**एसएलआर ग्रेनेड प्रोजेक्टर :**
**एएमएन बॉक्स** : 1
**चार्जर क्लिप :** 30
**इलेक्ट्रिक कॉपर वायर** : 2 बंडल

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि इनमें से कुछ हथियार वे हो सकते हैं, जो वर्ष 2008 में पचंबा थाना क्षेत्र स्थित होमगार्ड कैंप से नक्सलियों द्वारा लूटे गए थे। उस समय गौशाला मेले की आड़ में किए गए हमले में बड़ी संख्या में राइफलें लूट ली गई थीं।

ऑपरेशन की पूरी रणनीतिः शनिवार को गिरिडीह एसपी डॉ. विमल कुमार, एएसपी सुरजीत कुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट कुमार ओमप्रकाश सिंह और डीएसपी कोसर अली ने संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया कि खुफिया एजेंसियों से इनपुट मिला था कि नक्सली दोबारा इलाके में सक्रिय होने की कोशिश कर रहे हैं। इसी के बाद सुरक्षा बलों ने योजनाबद्ध तरीके से ऑपरेशन को अंजाम दिया।

अधिकारियों के मुताबिक, इस कार्रवाई से नक्सलियों की रणनीति को बड़ा झटका लगा है और उनके नेटवर्क को कमजोर किया गया है। यह सफलता केंद्र और राज्य सरकार की नक्सलवाद के खिलाफ सख्त नीति का सीधा परिणाम मानी जा रही है।

### नगर परिषद (आम) निर्वाचन 2026

# प्रतीक आवंटन के पश्चात सामान्य व व्यय प्रेक्षक ने प्रत्याशियों के साथ की बैठक




**संवाददाता**

**चतराः** नगर परिषद (आम) निर्वाचन 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में प्रतीक आवंटन (सिंबल अलॉटमेंट) के पश्चात सामान्य प्रेक्षक सुधीर दास एवं व्यय प्रेक्षक द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पद के सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा प्रत्याशियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों, आदर्श आचार संहिता, व्यय सीमा, पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया तथा शांतिपूर्ण मतदान से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई तथा नियमों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने की बात कही।नगर परिषद (आम) निर्वाचनझ्र2026 के अंतर्गत नाम-निर्देशन, संवीक्षा एवं नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत निर्वाचन की स्थिति स्पष्ट हो गई है। वार्ड पार्षद पद हेतु नगर परिषद क्षेत्र के कुल 22 वार्डों में नामांकन दाखिल किए गए थे, जिनमें संवीक्षा एवं नाम वापसी के पश्चात कुल 84 प्रत्याशी वैध रूप से शेष रहे।नाम वापसी के उपरांत वार्ड संख्या 11 से वेदवती जयसवाल तथा वार्ड संख्या 13 से माया देवी के विरुद्ध कोई अन्य प्रत्याशी शेष नहीं रहने के कारण दोनों प्रत्याशियों ने वार्ड पार्षद पद पर निर्विरोध निर्वाचन प्राप्त कर लिया है। इसके साथ ही नगर परिषद क्षेत्र के दो वार्डों में निर्वाचन प्रक्रिया बिना मतदान के संपन्न हो गई है।शेष 20 वार्डों में वार्ड पार्षद पद के लिए कुल 82 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनके बीच मतदान के माध्यम से निर्वाचन कराया जाएगा।नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए कुल 22 प्रत्याशियों के नाम-निर्देशन पत्र वैध पाए गए हैं तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापस नहीं लिया गया है। इस प्रकार अध्यक्ष पद के लिए 22 प्रत्याशियों के मध्य सीधा एवं बहुकोणीय मुकाबला होगा।आपको बताते चलें कि नगर परिषद क्षेत्र में कुल 35,562 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 17,525 पुरुष एवं 18,037 महिला मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन के सफल संचालन हेतु 22 वार्डों में कुल 42 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो 26 मतदान केंद्र भवनों में संचालित होंगे। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन दिनांक 7 फरवरी 2026 को पूर्ण कर लिया गया है। मतदान 23 फरवरी 2026 को प्रातः 7 बजे से अपराह्न 5 बजे तक संपन्न कराया जाएगा, जबकि मतगणना 27 फरवरी 2026 को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी।नगर परिषद अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों का निर्वाचन गैर-दलीय आधार पर प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से कराया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रत्याशियों एवं मतदाताओं से निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग की अपील की गई है।

### नगर अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

**चतराः** नगर परिषद चुनाव को लेकर शुक्रवार 7 फरवरी को अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए बनाए गए निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता अविन्द कुमार ने सभी प्रत्याशियों को उनके चुनाव चिन्ह प्रदान किए। आवंटित चुनाव चिन्ह के अनुसार अताउर रहमान को एयर कंडीशन, अभिषेक कुमार को छड़ी, अमन कुमार को चूड़ियां, मो. आशिक को बैट्री टॉर्च, मो. इरफान आलम को बेंच, जमुना प्रसाद को बिस्किट, मो. तनवीर अख्तर को बक्शा, मो. तौफीक आलम को ईंट, दिनेश कुमार को बाल्टी, पप्पू यादव को कैमरा, मो. बशीर निजामुद्दीन को कार्पेट, वीरेंद्र दास को सीसीटीवी कैमरा, राजबीर को चपाती रोलर, राजेश कुमार को चिमनी, राजेश रौशन को नारियल फार्म, लक्ष्मी शुक्ल को कंप्यूटर माउस, विद्यासागर आर्य को घन, शंकर प्रसाद को हीरा, संजय कुमार को डोली, संजय कुमार जायसवाल को ड्रिल मशीन, सुदेश कुमार को बिजली का खंभा तथा हिमांशु कुमार को बांसुरी चुनाव चिन्ह प्रदान किया गया। इस मौके पर निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता अविन्द कुमार ने सभी प्रत्याशियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने में सहयोग करने की अपील की।

## प्रमोद यादव बनाए गए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ,क्षेत्र में हर्ष



**चतराः** सिमरिया अनुमंडल के डाड़ी- कटिया गांव निवासी समाजसेवी प्रमोद यादव को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशवर यादव उर्फ रंजन यादव ने पत्र जारी कर की है और दल के प्रति आपकी निष्ठा और लगन को देखते हुए आशा विश्वास के साथ अपेक्षा की है कि आपके नेतृत्व में पार्टी संगठन का समुचित विकास और विस्तार होगा तथा संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने निर्देशित किया है कि आपके मनोनयन की तिथि के तीन महीने के अंदर जिला कमेटी का विस्तार करेंगे और प्रदेश कमेटी को अनुमोदन करवाना सुनिश्चित करेंगे।

### नगर निकाय चुनाव से पहले रांची पुलिस अलर्ट

# दागी अपराधियों पर कड़ी निगरानी 500 से अधिक को नोटिस

संवाददाता



**रांची:** झारखंड में प्रस्तावित नगर निकाय चुनाव को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त तरीके से हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और कई एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

पुलिस प्रशासन कानून-व्यवस्था को लेकर कोई भी लापरवाही नहीं करना चाहता। इसी क्रम में रांची पुलिस ने दागी अपराधियों और संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखना शुरू कर दिया है। सिटी एसपी पारस राणा के निर्देश पर सभी डीएसपी और थाना प्रभारियों को ऐसे अपराधियों का सत्यापन करने का आदेश दिया गया है, जो पहले गंभीर आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं और फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। इन अपराधियों को हर सप्ताह या 15 दिन में एक बार संबंधित थाने में हाजिरी लगाने का निर्देश दिया गया है, ताकि चुनाव के दौरान वे किसी भी तरह की आपराधिक या असामाजिक गतिविधि में शामिल न हो सकें। इसके अलावा रांची पुलिस ने अब तक 500 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के तहत नोटिस जारी किया है। ये नोटिस उन लोगों को दिए गए हैं, जिनका पहले विवाद, झगड़े, चुनावी गड़बड़ी या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का रिकॉर्ड रहा है। नोटिस पाने वाले लोगों को संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी के सामने पेश होकर शांति बनाए रखने के लिए बांड भरना होगा। बांड का उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और जेल भेजे जाने का भी प्रावधान है।

चुनाव को लेकर रांची के संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों की पहचान कर ली गई है। मतदान के दिन इन क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। गश्ती दल और क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) को भी सक्रिय रखा जाएगा, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।रांची के सीनियर एसपी राकेश रंजन ने कहा कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराना पुलिस की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आम मतदाता बिना किसी डर या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिए हर जरूरी कदम उठाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

चुनाव को देखते हुए राजधानी में लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन अभियान भी शुरू कर दिया गया है। सभी लाइसेंसी हथियार धारकों को अपने हथियार नजदीकी थाना, गन हाउस या पुलिस लाइन में जमा करने का निर्देश दिया गया है। मतगणना पूरी होने के बाद हथियार धारकों को उनके हथियार वापस कर दिए जाएंगे।

# ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत आरपीएफ की प्रभावी कार्रवाई



मेट्रो रेज

**रांची:** आरपीएफ रांची कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशानुसार टीओपीबी मामलों की रोकथाम हेतु एएसआई बलराम कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। 6 फरवरी को आरपीएफ पोस्ट रांची एवं डिविजनल टीओपीबी टीम, रांची द्वारा ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के अंतर्गत रांची रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ट्रेन संख्या 18611 (रांची-बनारस एक्सप्रेस) से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान शंकर रवानी (उम्र लगभग 46 वर्ष), निवासी डोरंडा, रांची के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से वुडलैंड कंपनी का एक पर्स, 850/- नकद, एक पैन कार्ड तथा एक डेबिट कार्ड बरामद किया गया। पूछताछ में उसने ट्रेन के एक यात्री का पर्स चोरी करने की बात स्वीकार की। उक्त मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी एवं बरामद सामान को जीआरपी रांची को सुपुर्द किया गया, जहां 7 फरवरी को अंतर्गत धारा 303(2)/317(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

इस सराहनीय कार्य में एएसआई बलराम कुमार, स्टाफ शंकर कुमार, दिनेश कुमार, डीके जिटरवाल (डिविजनल टीओपीबी टीम) तथा डीके मीणा एवं मुकेश प्रसाद, आरपीएफ पोस्ट रांची का विशेष योगदान रहा।

### वार्ड-23 में कांटे की टक्कर

# साजदा खातुन बनाम फरहा नाज, मुकाबला दिलचस्प



ग्रांड रिपोर्ट

गुलाम शाहिद

**रांची :** रांची नगर निगम चुनाव में उतरे सभी उम्मीदवारों को सिंबल मिल गया है। प्रत्याशी और उनके समर्थक प्रचार में जुट गए हैं। सुबह से लेकर देर रात तक जनसंपर्क हो रहा है। कहीं छोटी सभाएं हो रही हैं तो कहीं बैठकी चल रही है।इस बीच मतदाताओं की खामोशी से उमिदवारों के पसीने छुट रहे हैं निवर्तमान पार्षद साजदा खातुन एक बार फिर चुनावी रणक्षेत्र में उतर चुकी हैं। क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ और पिछले कार्यकाल का अनुभव उनके पक्ष को मजबूती दे रहा है।

इस बार उनका मुकाबला क्षेत्र के दिग्गज और युवा नेता खालिद उमर के भाभी फरहा नाज से है। जो लंबे समय से स्थानीय राजनीति में सक्रिय रहे हैं। दोनों ही प्रत्याशियों की अपने-अपने समर्थकों के बीच अच्छी पकड़ मानी जा रही है, जिससे चुनावी मुकाबला बेहद रोचक और कांटे का बनता जा रहा है।राजनीतिक जानकारों का मानना है कि दो मजबूत दावेदारों की इस सीधी टक्कर में किसी तीसरे प्रत्याशी के उभरने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में वार्ड-23 का चुनावी गणित और भी दिलचस्प हो गया है।वोटर समीकरण साधने की कवायद अभी से तेज हो चुकी है। समर्थक अपने-अपने स्तर पर जनसंपर्क और रणनीति में जुट गए हैं। हालांकि, ऊंट किस करवट बैठेगा, इसका फैसला अंततः वार्ड की जनता ही करेगी। चुनाव परिणाम जो भी हो, फिलहाल वार्ड-23 का मुकाबला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### वार्ड 22 में चलेगा विकास का बल्ला

# मोहम्मद असलम को मिला बल्ला छाप चुनाव चिन्ह, मॉडल वार्ड बनाने का ऐलान

**रांची:** हिंदपीढ़ी स्थित वार्ड 22 में चुनावी बिगुल बज चुका है और माहौल पूरी तरह गरमा गया है। पूर्व पार्षद मोहम्मद असलम को चुनाव आयोग द्वारा ह्यबल्ला छापह्न चुनाव चिन्ह (क्रमांक संख्या 3) आवंटित किया गया है। चिन्ह मिलते ही समर्थकों में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला।

मोहम्मद असलम ने दो टूक कहा कि अब वार्ड 22 में सिर्फ वादे नहीं, बल्कि ठोस काम होगा। उन्होंने स्पष्ट घोषणा की कि उनका लक्ष्य वार्ड 22 को एक आदर्श और मॉडल वार्ड बनाना है, जहां हर गली में पक्की सड़क, साफ-सुथरी नालियां, बेहतर जल निकासी, नियमित सफाई और



आधुनिक स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा, वार्ड 22 की जनता सब देख रही है और समझ रही है। विकास रोकने वालों को जनता जवाब देगी। हमारा संघर्ष किसी व्यक्ति से नहीं, बल्कि पिछड़ेपन और बदहाल व्यवस्था से है। असलम ने दावा किया कि उनके पिछले कार्यकाल में विकास की मजबूत बुनियाद रखी गई थी, लेकिन कई काम अधूरे रह गए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस बार जनता का आशीर्वाद मिला तो हर अधूरा कार्य पूरा होगा और वार्ड 22 को रांची का सबसे बेहतर वार्ड बनाकर दिखाया जाएगा।

उन्होंने वार्डवासियों से जोशीली अपील करते हुए कहा कि वे क्रमांक संख्या 3 पर बल्ला छाप का बटन दबाकर विकास की इस लड़ाई को मजबूत करें और भारी मतों से विजयी बनाएं। वार्ड 22 में अब मुकाबला दिलचस्प ही नहीं, बल्कि निर्णायक होता जा रहा है। जनता किसे चुनती है, यह तो आने वाला समय बताएगा, लेकिन इतना तय है कि इस बार चुनाव पूरी तरह विकास के मुद्दे पर लड़ा जाएगा।

**कार्यालय जिला परिषद, रॉंची**

**शुद्धि-पत्र**

**PR No.371124**

इस कार्यालय के द्वारा अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना संख्या–**31/2025-26** में प्रकाशित निविदा आचार संहिता के कारण अगले आदेश तक के लिए रद्द किया जाता है।

PR 372548
Panchayati Raj(25-26)#D

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची

# मारपीट मामले में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

मेट्रो रेज



**रांची:** जिले के डोरंडा थाना क्षेत्र से एक गंभीर आपराधिक मामला सामने आया है। मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 30 जनवरी 2026 को डोरंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत साउथ ऑफिस पाड़ा निवासी वादिनी लक्ष्मी देवी (उम्र 48 वर्ष), पति स्वर्गीय संजय लोहरा द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया था कि शंकर लोहरा नामक युवक एवं एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने मारपीट कर उनके पुत्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

इस आवेदन के आधार पर डोरंडा थाना में कांड संख्या 34/26 दिनांक 30.01.2026 को दर्ज किया गया। मामला धारा 115(2)/126(2)/109/3(5) बीएनएस के तहत अंकित किया गया था।

घटना में घायल युवक की पहचान अभिषेक लोहरा (उम्र करीब 24 वर्ष), पिता स्वर्गीय संजय लोहरा, निवासी डिबडीह, थाना डोरंडा, जिला रांची के रूप में हुई थी। गंभीर रूप से घायल अभिषेक लोहरा को इलाज के लिए रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के क्रम में दिनांक 06 फरवरी 2026 को उसकी मृत्यु हो गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक, हटिया के नेतृत्व में डोरंडा थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस ने कांड के प्राथमिक अभियुक्त शंकर लोहरा (उम्र करीब 34 वर्ष), पिता स्वर्गीय मुन्नू लोहरा, निवासी जेवियर कॉलोनी, डिबडीह, थाना डोरंडा, जिला रांची को दिनांक 07 फरवरी 2026 को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को दिनांक 08 फरवरी 2026 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, मामले में शामिल अन्य अज्ञात आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच गहन रूप से की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन का स्थापना दिवस मना

**ओरमांझी:** फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन इरबा का 23वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि इंस्टीट्यूशन के निदेशक डॉ शाहीन कौशर ने कहा की फ्लोरेंस इंस्टिट्यूशन का स्थापना सात फरवरी 2003 में हाजी एहसान अंसारी ने किया था। संस्थापक ने नर्सों की कमी को देखते हुए 2004 में जीएनएम नर्सिंग 20 सीटों से शुरूआत की थी। उन्होंने कहा की 2004 में एक कोर्स जीएनएम से शुरू किया गया और आज 2026 में फ्लोरेंस ग्रुप में 16 कोर्स की पढ़ाई होती है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम करण मुण्डा, उम्र–21 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–05 फीट,

उपरोक्त लापता व्यक्ति करण मुण्डा, उम्र–21 वर्ष, पिता–गागो मुण्डा, स्थायी पता–ग्राम–कटकमसाण्डी, जिला–हजारीबाग, वर्तमान पता–सिलवे डोल बगीचा, थाना–टाटिसिल्वे, जिला–रॉंची जो दिनांक–04.12.2025 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके संबंध में टाटिसिल्वे थाना सन्हा सं0–15/2025, दिनांक–05.12.2025 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, मु0, प्रथम, रॉंची। – 9431706141
थाना प्रभारी टाटिसिल्वे, रॉंची। – 9431706174

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 372558 Police(25-26).D

# रोड निर्माण के लिए कृषि जमीन नहीं देंगे किसान, किया विरोध-प्रदर्शन

### कृषि जमीन की रक्षा करे सरकार - सुफल महतो

मेट्रो रेज




**मुरी:** बुंडू - बंता रोड चौड़ीकरण के नाम पर माझीडीह,कुबाडीह, पुरानानगर, महेशपुर,खाटंगा,डोमनडीह गांव के कृषि जमीन पर नये रोड निर्माण की कोशिश के खिलाफ प्रभावित किसानों ने शिवटंगरा मैदान में विरोध प्रदर्शन कर कृषि जमीन नहीं देने का लिया शपथ। कृषि जमीन हमारा जान है,जान देंगे-जमीन नहीं देंगे, जमीन अधिग्रहण कानून 2013 का उल्लघंन नहीं चलेगा, चौड़ीकरण के नाम पर कृषि जमीन पर नये रोड का निर्माण नहीं चलेगा, सरकार कृषि जमीन की रक्षा करे ,बिना ग्राम सभा जमीन अधिग्रहण नहीं चलेगा आदि नारे लग रहे थे। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा बुंडू - बंता रोड चौड़ीकरण के नाम पर माझीडीह, कुबाडीह, पुरानानगर, महेशपुर, खाटंगा, डोमनडीह, गांव के किसानों के कृषि जमीन पर नये रोड निर्माण की कोशिश के खिलाफ किसानों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, एवं उपायुक्त रांची को किसानों ने ज्ञापन सौंपकर कृषि जमीन पर नये रोड निर्माण के लिए जमीन नहीं देने तथा कृषि जमीन की रक्षा का गुहार लगा चुके हैं,80 प्रतिशत किसानों की सहमति का खुल्लम खुल्ला उलंघन हो रहा है। छोटे छोटे जमीन का टुकड़ा किसानों का जीवन का आधार है। झारखंड में मात्र 25 प्रतिशत ही कृषि जमीन है, वाकी पठारी जमीन है। सरकार कृषि जमीन की रक्षा करे वरना जबरन जमीन अधिग्रहण का तीखा विरोध होगा, किसानों के सामने जीने - मरने का सवाल है। महेशपुर ग्राम प्रधान अक्षय महतो ने कहा उक्त गांवों में ग्राम सभा कर कृषि जमीन रोड निर्माण के लिए नहीं देने के फैसले का प्रति सरकार को दिया जा चुका है।इस अवसर पर सर्वेश्वर महतो, प्रेम नाथ महतो, निरंजन अहिर, विशेश्वर महतो, नारायण महतो,पुशुवा महतो, राजेन्द्र गोझू, पशुपति महतो, कुशल महतो, गोबिंद महतो,बिहारी महतो, धनेश्वर अहिर,अजय, हेमंती देवी,मौला देवी, भवानी देवी, कोकिला देवी,विधा देवी, संपत्ति देवी,सुखंती देवी,सितोला देवी,सति देवी, प्रतिमा देवी, करूणा देवी,उषा देवी, कमला देवी मधुसूदन महतो, हरिप्रसाद महतो, राजकुमार महतो,गिरीधर महतो,दिनबंधू महतो, कलेश्वर महतो, जनार्दन महतो, गिरिजा महतो, प्रदीप महतो, मुकेश महतो,चक्रधर महतो,अमर महतो, बिंदेश्वर महतो, बसंती देवी, चंचला देव,झालो देवी, चांदो देवी, ललनी देवी,रोजोवाला देवी , प्रकाश महतो,सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।अंत में किसानों के कृषि जमीन पर रोड निर्माण की किसी भी प्रकार के हरकत का विरोध करने का निर्णय लिया गया। किसानों के विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अक्षय महतो ने की।

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, SPECIAL WORKS DIVISION**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, RANCHI.**

**VERY SHORT TERM NOTICE INVITATION QUOTATION**

Quotation Reference No:BCD/Special Work Division BCD, Ranchi/NIQ-42/2025-26

( Rate Purpose Only)

E- quotations are invited for the work of **Construction of Shri Krishna Institute of Public Administrative Building (ATI) Campus at Core Capital Area Dhurwa Ranchi** for supply fitting and fixing ELV System, Furniture & furnishing and texture painting work etc. for all Materials from Reputed Shop Keepers, Manufacturers, Suppliers, Retailers, Distributors, Furniture Suppliers, Registered B.C.D. Contractors and other for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items. Then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Term and Condition
1. The quotationer shall furnish pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोटः-
1. वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि 14.02.2026 के अपराह्न 3:00 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि 28.02.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलन की तिथि एवं समय 02.03.2026 अपराह्न 3:30 बजे।
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता कार्यपालक अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, रॉंची।
5. ई–कोटेशन प्रकोष्ठा का दूरभाष सं0–7903889611
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Nodal Officer**
e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer
Special Works Division, BCD, Ranchi

PR 372531 Building(25-26)#D



# रूस की यूनिवर्सिटीज में पढ़ाई के लिए उपलब्ध हैं ये स्कॉलरशिप्स

**भारतीय छात्रों के लिए रूस में पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप के कई अवसर मौजूद हैं इसकी जानकारी हम आपको यहां दे रहे हैं। हर साल रूसी सरकार विदेशी छात्रों के लिए राज्य से आर्थिक सहायता प्राप्त सीट्स ऑफर करती है।**

रूस में अधिकतर विश्वविद्यालय सरकारी सहायता प्राप्त स्कॉलरशिप देती हैं और एकसमान आवेदन प्रक्रिया अपनाती हैं। कोई भी विदेशी छात्र रूस में यूनिफॉर्म स्टेट एग्जामिनेशन या एंट्रेंस एग्जाम पास करने के बाद स्कॉलरशिप के लिए उसी तरह आवेदन कर सकते हैं जिस तरह रूसी छात्र करते हैं। हर साल रूसी सरकार विदेशी छात्रों के लिए राज्य से आर्थिक सहायता प्राप्त सीट्स ऑफर करती है। 2024 में 15 हजार इस तरह की सीट्स दी गई थीं।

## स्कॉलरशिप अमाउंट

सरकार से प्राप्त होने वाली स्कॉलरशिप में पूरे कोर्स की ट्यूशन फीस, मेंटनेंस अलाउंस और डोरमेटरी अलाउंस शामिल होता है। जो छात्र इन स्कॉलरशिप को प्राप्त करना चाहते हैं वो भारत में ऑथराइस्ड व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं और वहां उपलब्ध स्कॉलरशिप और कोर्स के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं।

पढ़ाई के लिए छात्र एक बार में 6 यूनिवर्सिटिज को चुन सकता है। लेकिन एक फेडरल क्षेत्र में 3 से ज्यादा नहीं चुन सकते जबकि मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग में दो से ज्यादा नहीं चुन सकते हैं। अपनी पसंद के अनुसार अपनी चॉइस भरें और इसके बाद अन्य को भरें और चयन प्रक्रिया में बुलावे का इंतजार करें। देश के आधार पर ऑपरेटर इंटरव्यू, टेस्ट और परीक्षा का शेड्यूल जारी कर सकते हैं इसकी जानकारी उनकी वेबसाइट या आपको ईमेल के जरिए मिल सकती है। जिन छात्रों को डिग्री के स्तर पर रूसी भाषा की जानकारी नहीं है उन्हें प्री पेरेटरी डिपार्टमेंट में एनरोल किया जाता है। उन्हें सामान्य शिक्षा के साथ एक साथ रूसी भाषा की पढ़ाई भी करनी पड़ती है।

- अगर आप कैंडिडेट्स की सूची में शामिल हो गए हैं तो अपने पास अतिरिक्त डॉक्यूमेंट्स तैयार रखें
- एमबीबीएस डॉक्टर का सर्टिफिकेट तैयार करवाना होगा जिसमें बताया गया होगा कि ऐसा कोई मेडिकल कारण नहीं जिसकी वजह से आपको रूसी यूनिवर्सिटिज में न चुना जाए। इसमें एचआईवी टेस्ट भी करवाना होगा।
- डॉक्यूमेंट्स की कॉपी (रूसी भाषा में ट्रांसलेटिड), ऑनलाइन इन्हे सबमिट करें और हार्ड कॉपी ऑपरेटर के पास जमा करें।
- अब यूनिवर्सिटी में अपने कन्फर्मेशन का इंतजार करें।

# केंद्रीय विद्यालय में कैसे बनते हैं टीचर?

**अगर आप भी केंद्रीय विद्यालय में टीचर बनने की सोच रहे हैं और आपको नहीं पता है कि केंद्रीय विद्यालय में टीचर कैसे बनते हैं तो आपको हम यहां पर बता रहे हैं कि कैसे केंद्रीय विद्यालय में टीचर बना जा सकता है।**

बहुत से युवाओं का सपना होता है कि वे टीचर बनकर बच्चों को पढ़ाएं। अगर आप भी टीचर बनना चाहते हैं और शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहते हैं तो केंद्रीय विद्यालय में टीचर बनकर आप अपना यह सपना पूरा कर सकते हैं। केंद्रीय विद्यालय में समय-समय पर टीचर के पद की वैकेंसी निकलती रहती हैं। केंद्रीय विद्यालय की वैकेंसी निकलते ही आपको अप्लाई करना होगा। अप्लाई करने के बाद रिटेन परीक्षा में उत्तीर्ण होकर इंटरव्यू क्लियर करना होगा। इंटरव्यू और मेडिकल के बाद आपको जॉइनिंग लेटर मिलेगा।

## एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

केंद्रीय विद्यालय में टीचर बनने के लिए अप्लाई करने वाले कैंडिडेट को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 50% मार्क्स के साथ ग्रेजुएट होना जरुरी है। साथ ही हिंदी और अंग्रेजी दोनों का ज्ञान होना चाहिए। कैंडिडेट की मैक्सिमम उम्र 35 वर्ष होना चाहिए। इसके अलावा कैंडिडेट्स को बैचलर ऑफ़ एजुकेशन कोर्स किया होना चाहिए। साथ ही अभ्यर्थी को सीटेट की परीक्षा भी पास किए होना चाहिए।


## क्या बीएड?

यह एक ग्रेजुएशन डिग्री प्रोग्राम है, जो आम तौर पर तीन से चार साल तक चलता है। इसमें छात्रों को स्कूलों में टीचर के रूप में काम करने के लिए ट्रेन किया जाता है। क्ष्श्स्र में एडमिशन के लिए अभ्यर्थियों को ग्रेजुएट डिग्री कम से कम 50 परसेंट मार्क्स और कुछ सब्जेक्ट्स में 55 परसेंट मार्क्स के साथ पास करना ज़रूरी है।

## सेंट्रल टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट एग्जाम

केवी का टीचर बनने के लिए छात्र का CTET एग्जाम पास करना जरुरी है। CTET एक परीक्षा होती है, जिसे पास करने के बाद आप केंद्र और राज्य स्तर के विद्यालयों में शिक्षक पद के लिए अप्लाई कर सकते हैं। CTET का आयोजन साल में दो बार होता है। इसमें दो पेपर होते हैं। पहला पेपर प्राइमरी एजुकेशन यानी 5वीं तक पढ़ाने के लिए अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स के लिए होता है। दूसरा पेपर सीनियर क्लासेज में पढ़ाने वाले कैंडिडेट्स के लिए होता है।





# बीटेक के लिए ईई या ईसीई कौन बेहतर?

**टेक्नोलॉजी एडवांसमेंट्स के साथ इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरों की मांग बढ़ रही है लेकिन बीटेक के लिए ईई या ईसीई कौन बेहतर है और क्या अंतर है?**



अगर आप इंजीनियरिंग कोर्स को लेकर कन्फ्यूज हैं, तो हम आपकी उलझन थोड़ी दूर कर देते हैं। ये आर्टिकल इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के बारे में है। जान लें- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में क्या अंतर है? दोनों में कौन सी ब्रांच बेहतर है?

## इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग क्या है?

यह मुख्य रूप से उन उपकरणों, डिवाइस और सिस्टम स्टडी, डिजाइन एंड एप्लिकेशन से संबंधित है, जो बिजली, इलेक्ट्रॉनिक्स और विद्युत चुंबकत्व का उपयोग करते हैं। यह उन्हें इलेक्ट्रिकल उपकरण डिजाइन करने में मदद करता है, जैसे कि इलेक्ट्रिक मोटर, रडार और नेविगेशन सिस्टम, कम्युनिकेशन सिस्टम, बिजली उत्पादन उपकरण, ऑटोमोबाइल और विमान। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरों के पास नौकरी के बहुत से विकल्प हैं और उन्हें कई क्षेत्रों में काम मिल सकता है। वे कंट्रोल इंजीनियरिंग, प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग, टेस्ट इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, टेली कम्युनिक्शन इंजीनियरिंग, डिजाइन इंजीनियरिंग, सिस्टम इंजीनियरिंग, एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, रीन्युएबल एनर्जी सेक्टर, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स में काम कर सकते हैं। भारत में एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर ग्रेजुएट की शुरुआती सैलरी औसत 4.5 लाख रुपये प्रति वर्ष है। यह इस बात पर निर्भर कर सकता है कि वे कहां काम करते हैं, उनके पास कितना अनुभव है, और वे किस उद्योग में हैं। शुरुआती वेतन अक्सर अच्छा होता है और अधिक अनुभव के साथ वे अधिक कमाते हैं।

## इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग क्या है?

ये एक विविध इंजीनियरिंग क्षेत्र है जो इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और संचार नेटवर्क को डिजाइन करने, विकसित करने और लागू करने पर केंद्रित है। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ग्राहक और परियोजना आवश्यकताओं की पहचान करते हैं, समाधान खोजते हैं, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट और सिस्टम डिजाइन करते हैं, फर्मवेयर और एम्बेडेड सॉफ्टवेयर विकसित करते हैं, प्रोटोटाइप का परीक्षण करते हैं, और निर्माण की देखरेख करते हैं। वे अगली पीढ़ी के गैजेट और बुनियादी ढांचे का आविष्कार करने के लिए अत्याधिक उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स, सॉफ्टवेयर और संचार तकनीकों को एकीकृत करने का काम करते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग एक बहुत ही बहुमुखी क्षेत्र है। ईसीई इंजीनियरों को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और संचार बुनियादी ढांचे को विकसित करने वाले उद्योगों की एक विस्तृत श्रृंखला में रोजगार मिलता है। कुछ शीर्ष क्षेत्र हैं दूरसंचार, एयरोस्पेस, डिफेंस, मोटर व्हीकल, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली व्यवस्था और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग। भारत में एक इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियर के लिए औसत शुरुआती वेतन 4 लाख प्रति वर्ष है। EE की तरह, वेतन स्थान, अनुभव के वर्षों, कौशल और नियोक्ता के आधार पर अलग-अलग होता है।



## EE और ECE में कौन सी इंजीनियरिंग ब्रांच बेहतर है?

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (EE) और इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग (ECE) दोनों शाखाएं समान रूप से अच्छी हैं। लेकिन, यह सब व्यक्ति की रुचि के क्षेत्र पर निर्भर करता है। मुझे लगता है कि छात्र को भविष्य के लक्ष्य पर ध्यान देना चाहिए। एक बार जब वह इसके बारे में सुनिश्चित हो जाता है, तो वह अपनी पसंद की स्ट्रीम चुन सकता है।



# वॉटर डिप्लोमैट के रूप में बना सकते हैं बढ़िया करियर

**अगर आप लीक से हटकर करियर बनाना चाहते हैं तो आपके लिए यह आर्टिकल जरूरी साबित हो सकता है। क्योंकि हम यहां पर आपको पानी से जुड़ी करियर के बारे में बता रहे हैं। आप भी एक वॉटर डिप्लोमैट के रूप में बढ़िया करियर बना सकते हैं। अगर आप इस फील्ड में करियर बनाते हैं तो आपको बढ़िया सैलरी भी मिलेगी।**

पानी की कमी और खराब गुणवत्ता जैसी समस्याएं आज पूरी दुनिया में देखी जा रही हैं। ये समस्याएं एक राज्य या फिर एक देश तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वैश्विक हैं। ऐसे में जल प्रबंधन के मुद्दों को सुलझाने के लिए वॉटर डिप्लोमैसी और डेवलपमेंट विशेषज्ञों की ज़रूरत है। दुनिया भर में कई देश अपने जल संसाधनों का प्रबंधन टिकाऊ तरीके से करने की चुनौती का सामना कर रहे हैं। अगर आप भी इस फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं तो आपके भविष्य उज्जवल हो सकता है। क्योंकि इस फील्ड में अच्छी नौकरी के साथ अच्छी सैलरी भी मिलती है। ऐसे में आइए हम आपको बताते हैं कि इस फील्ड में करियर बनाकर आप कितनी सैलरी पा सकते हैं।

वॉटर डिप्लोमैसी और डेवलपमेंट में वेतन अच्छा होता है। हालांकि, यह कई बातों जैसे – अनुभव, शिक्षा, कार्यक्षेत्र और जिस संस्था में आप काम करते हैं, उस पर निर्भर करता है।

## शुरुआती पद

शोध सहायक या जूनियर नीति विश्लेषक जैसे शुरुआती पदों पर सालाना वेतन 40,000 से 60,000 अमेरिकी डॉलर के बीच हो सकता है।

## अनुभवी पेशेवर

अनुभवी पेशेवरों के लिए जिनके पास कई सालों का अनुभव और विशेष कौशल है। उन्हें वेतन 60,000 से 1,00,000 अमेरिकी डॉलर या उससे भी ज्यादा मिल सकता है।

## वरिष्ठ पद

निदेशक या वरिष्ठ नीति सलाहकार जैसे वरिष्ठ पदों पर सालाना वेतन 1,00,000 से 1,50,000 अमेरिकी डॉलर के बीच होता है। सबसे ज्यादा वेतन अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं, सरकारी एजेंसियों या परामर्श फर्मों में मिलता है। इसके अलावा, जिन लोगों के पास मास्टर्स या पीएच.डी. जैसी उच्च शिक्षा है, उनके उच्च वेतन पाने और कैरियर में तेजी से तरक्की करने की संभावना अधिक होती है।

## जल प्रबंधन में प्रमाणन कार्यक्रम

इसी दिशा में काम करते हुए जल प्रबंधन संस्थान भारतीय और विदेशी नागरिकों के लिए प्रमाणित जल लेखाकार /विशेषज्ञ बनने के लिए एक प्रमाणन कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इस कार्यक्रम में कई तरह के कोर्सेज पर ट्रेनिंग दिया जाएगा।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, संपादक : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 website : www.metrorays.in
email : metrorays.ranchi@gmail.com

# नगर निकाय आम निर्वाचन 2026 : प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दी गयी चुनाव से जुड़ी विस्तृत जानकारी

संवाददाता



साहिबगंजः नगर निकाय आम निर्वाचन 2026 के संबंध में साहिबगंज नगर परिषद अध्यक्ष के निवार्ची पदाधिकारी गौतम भगत द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुनाव से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नगर परिषद साहिबगंज, नगर पंचायत बड़हरवा एवं नगर पंचायत राजमहल से संबंधित निर्वाचन आंकड़े साझा किए गए।नगर परिषद साहिबगंज अंतर्गत कुल 28 वार्ड हैं। यहां कुल 66 मतदान केंद्र व 01 सहायक मतदान केंद्र 21/1 ह्यकह्ल बनाए गए हैं। नगर परिषद क्षेत्र में कुल 69,164 मतदाता हैं। जिनमें 35,565 पुरुष एवं 33,599 महिला मतदाता शामिल हैं।अध्यक्ष पद हेतु कुल 18 नामांकन प्राप्त हुए। जिनमें कोई नामांकन अस्वीकृत नहीं हुआ। 00 अभ्यर्थी ने नाम वापस लिया जबकि कोई भी अभ्यर्थी निर्विरोध नहीं रहा। इस प्रकार अध्यक्ष पद के लिए कुल 18 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं।वार्ड पार्षद पद हेतु कुल 134 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें 11 नामांकन अस्वीकृत, 10 नाम वापसी और 05 अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित हुए। शेष 108 अभ्यर्थी चुनाव में हैं।नगर पंचायत बड़हरवा में कुल 14 वार्ड हैं तथा 20 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां कुल 19,353 मतदाता हैं। जिनमें 9,785 पुरुष एवं 9,568 महिला मतदाता शामिल हैं। अध्यक्ष पद हेतु कुल 06 नामांकन प्राप्त हुए। कोई नामांकन अस्वीकृत या नाम वापसी नहीं हुई जबकि कोई भी अभ्यर्थी निर्विरोध नहीं रहा।वार्ड पार्षद पद हेतु कुल 64 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें 02 नामांकन अस्वीकृत, 05 नाम वापसी हुई तथा शेष 57 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं।नगर पंचायत राजमहल में कुल 14 वार्ड हैं। जिसमें 19 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां कुल 17,859 मतदाता हैं। जिनमें 9,094 पुरुष एवं 8,765 महिला मतदाता शामिल हैं। अध्यक्ष पद हेतु कुल 06 नामांकन प्राप्त हुए। जिनमें 01 नामांकन अस्वीकृत एवं 01 नाम वापसी हुई। इस प्रकार अध्यक्ष पद हेतु 04 अभ्यर्थी शेष हैं।वार्ड पार्षद पद हेतु कुल 48 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें 01 नामांकन अस्वीकृत, 02 नाम वापसी 02 अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित हुए। शेष 43 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं।उन्होंने बताया कि इस बार मतदान वैलेट पेपर के माध्यम से कराया जाएगा अध्यक्ष पद के लिए हल्का गुलाबी एवं वार्ड पार्षद के लिए सफेद रंग का वैलेट पेपर होगा। मौके पर मीडिया कर्मियों के द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन- 2026 से संबंधित पूछे गए सवालों का जवाब पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में निवार्ची पदाधिकारी अध्यक्ष नगर पंचायत बरहरवा संजय कुमार दास, निवार्ची पदाधिकारी अध्यक्ष राजमहल नगर पंचायत छुटेश्वर दास, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस मतीन तारीक एवं सभी मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## आग लगने से दो घर जलकर खाक, लाखों का नुकसान

संवाददाता



साहिबगंजः उधवा राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर गांव में शुक्रवार देर रात भीषण आगजनी की घटना में दो घर जलकर राख हो गया। घटना में घरेलू सामान जरूरी कागजात और नगदी समेत हजारों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। हालांकि आग कैसे लगी इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के राधानगर गांव निवासी सुरेन मंडल और महाजनी बेवा अपने अपने घरों में सोए हुए थे। इसी दौरान रात करीब12.30बजे अचानक एक घर में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और बगल के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही पल में दोनों घर जलकर पूरी तरह राख हो गए। आगलगी की घटना की सूचना मिलते ही गांव मेंअफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टी व अन्य साधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी,और दोनों घर पूरी तरह जल चुके थे। वही इस घटना में घर में रखे अनाज,बर्तन, बिछावन,जेवारत,कागजात,नगदी समेत लाखों रूपए की कीमती सामान जल गया है।अग्नि पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू ने किया प्ले स्कूल का उद्घाटन

संवाददाता



**साहिबगंज/बरहेट :** प्रखण्ड मुख्यालय के बरहेट बाजार अंतर्गत क्रांति टोला में सेंट मेरी स्कूल जूनियर का औपचारिक उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू व सम्मानित अतिथियों द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया।स्कूल प्रबंधन द्वारा उपस्थित अतिथियों का गुलदस्ता एवं शॉल भेंटकर स्वागत-सम्मान किया गया। जिप अध्यक्ष मोनिका किस्कू ने कार्यक्रम को संबोधित कर कहा कि प्रखण्ड मुख्यालय बरहेट में सेंट मेरी जूनियर स्कूल का खुलना इस क्षेत्र के बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए स्कूल प्रबंधन द्वारा उठाया गया एक शानदार कदम है। यह स्कूल सरकारी और प्राइवेट विद्यालयों के बीच बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए एक नया विकल्प पेश करेगा।आगे उन्होंने कहा कि छोटे छोटे बच्चों में किताबों के माध्यम से पढ़ाई करने में दिलचस्पी नहीं होना स्वाभाविक है।इसीलिए क्षेत्र में ऐसे प्ले स्कूल के खुलने से निश्चित तौर पर यहां के बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई करने का एक बेहतरीन अवसर मिलेगा। उन्होंने विद्यालय में नामांकन कराने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कराने हेतु स्कूल प्रबंधन से अनुरोध किया ताकि आगे चलकर यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में एक अच्छा केंद्र बन सके। समाजसेवी एजाज अंसारी ने कार्यक्रम मे उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं,बल्कि उन्हें खेल-खेल में मूल्य आधारित सीख और संस्कार सिखाया जाना भी डिग्री से कहीं ज्यादा मूल्यवान है। ऐसे में यह प्ले स्कूल यहां के बच्चों में शैक्षणिक के साथ साथ सर्वांगीण विकास हेतु बेहद ही कारगर साबित होगा। कार्यक्रम को प्रो हाशिम अख्तर ने भी संबोधित किया। मौके पर स्कूल के डायरेक्टर विकास गुप्ता,चंदन गुप्ता,शाहीन इकबाल,सईद अनवर,विनोद भगत अब्दुल हमीद,शमशेर अली,नईमुद्दीन अंसारी,जियाउर अंसारी,मो०जावेद के अलावे अभिभावकगण एवं सैकड़ों छात्र छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## नामांकन को लेकर छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

संवाददाता




साहिबगंजः शहर के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय में कक्षा केजी आईएक्स, और एक्स आई? मे नामांकन को लेकर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी के नेतृत्व मे जागरूकता रैली निकाला गया।रैली विद्यालय से शुरू होकर सुभाष चौक तक गया।रैली में छात्राएं नामांकन को लेकर आधी रोटी खाएंगे फिर भी स्कूल जाएंगे नारे लगा रहे थे। प्रभारी प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी ने बताया की छात्राएं के उज्जवल भविष्य को लेकर सीएम उत्कृष्ट बालिका विद्यालय मे नामांकन को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। उन्होंने बताया कि नामांकन को लेकर आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 फरवरी 2026 तक है.जिसको लेकर शहर में शनिवार को जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी,सरिता कुमारी,कुमार बागीश सहित अन्य मौजूद थे।

## निकाय चुनावः बेंच छाप के साथ मैदान में रोहित मेहता, भ्रष्टाचार मुक्त डोमचांच बनाने का लिया संकल्प

मेट्रो रेज संवाददाता



**डोमचांचः** डोमचांच नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रोहित मेहता ने रविवार को नगर क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर चुनावी माहौल को गरमा दिया। वार्ड दर वार्ड घूमकर उन्होंने मतदाताओं से सीधा संवाद किया और नगर पंचायत को भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी एवं विकासोन्मुख बनाने का संकल्प दोहराया। रोहित मेहता ने कहा कि डोमचांच की जनता अब बदलाव चाहती है। वर्षों से चली आ रही अव्यवस्थाओं, अधूरे विकास कार्यों और जनसमस्याओं को समाप्त करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जीत मिलने पर पेयजल, सड़क, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट और युवाओं के लिए रोजगारोन्मुख योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

जनसंपर्क के दौरान समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह उनका स्वागत किया गया और लोगों ने समस्याओं से अवगत कराया। मेहता ने सभी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाते हुए कहा कि यह चुनाव किसी व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे डोमचांच के भविष्य का चुनाव है। अंत में उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे वैलेट पेपर क्रम संख्या 5 पर बेंच छाप पर मतदान कर उन्हें विजयी बनाएं, ताकि डोमचचांच में नई सोच और स्वच्छ प्रशासन की शुरूआत हो सके।

## मिर्चाचौकी में जल जमाव की समस्या को लेकर उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण, कहा-

# जल जमाव से राहत के लिए होगी ठोस पहल

संवाददाता



साहिबगंजः मिर्चाचौकी क्षेत्र में बढ़ते नालों के कारण उत्पन्न जल निकासी व जल जमाव की गंभीर समस्या को लेकर आज जिला दंडाधिकारीझसहझउपायुक्त श्री हेमंत सती द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त महोदय ने विशेष रूप से रेलवे स्टेशन परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में हो रहे जल जमाव की स्थिति का जायजा लिया।स्थल निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्थानीय ग्रामीणों जन प्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में नालों की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण आवागमन बाधित होता है तथा आम जनजीवन प्रभावित होता है। इस पर उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि जल निकासी की स्थायी एवं प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।उपायुक्त श्री हेमंत सती ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि मिर्चाचौकी क्षेत्र में नाले एवं सड़क निर्माण से संबंधित एक समग्र एवं तकनीकी डीपीआर डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि समस्या का दीर्घकालिक समाधान किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीपीआर में जल निकासी की दिशा नालों की चौड़ाई, गहराई तथा सड़क संरचना का समुचित आकलन किया जाए।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बरसात से पूर्व आवश्यक अस्थायी उपाय भी सुनिश्चित किए जाएँ, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन जनसमस्याओं के समाधान के प्रति प्रतिबद्ध है एवं विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। स्थल निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### नगर निकाय चुनाव में कार्यकर्ता समन्वय के साथ करें कामः दीपक प्रकाश

पश्चिमी सिंहभूम : पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) स्थित रतन लाल गैरेज हॉल में आगामी नगर निकाय चुनाव में भाजपा समर्पित रमेश खिरवाल उर्फ लड्डू को लेकर रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश शामिल हुए और संगठन की चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान दीपक प्रकाश ने आगामी चुनावों में भाजपा की भूमिका, चुनावी रणनीति, आगामी कार्यक्रमों तथा जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने नगर निकाय चुनाव में कार्यकताओं से समन्वय के साथ काम करने और जनसंपर्क अभियान को तेज करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता जे. बी. तुबिद, भाजपा जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू, पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश पूरी, संजू पाण्डेय तथा नगर परिषद अध्यक्ष पद के भाजपा उम्मीदवार रमेश खेरवार उर्फ लड्डू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### विकसित भारत के संकल्प के साथ डोमचांच में जुटे कार्यकर्ता, शिवशक्ति धाम में बैठक संपन्न



मेट्रो रेज संवाददाता

**डोमचांचः** भारत सरकार की विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर डोमचांच ग्रामीण मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक शिवशक्ति धाम मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुनील भारती ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी नवीन कुमार ने निभाई। बैठक में ग्रामीण मंडल के सभी बूथ अध्यक्ष, ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता तथा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष महेश वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अलावा मंडल प्रतिनिधि पारिजात सिंह, प्रदीप यादव, पंकज मेहता, हर्ष कुमार, संतोष मेहता, राहुल कुमार, अभिषेक कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक के दौरान योजना को जन -जन तक पहुंचाने, केंद्र सरकार की उपलब्धियों को घर-घर बताने तथा संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, चौक- चौराहों पर सघन जांच

**साहिबगंज :** नगर परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। एक ओर प्रशासन द्वारा नामांकन, नामांकन वापसी तथा चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है, वहीं दूसरी ओर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने निगरानी और कड़ी कर दी है।शनिवार को जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत साक्षरता मोड़, हटिया चौक, झरना कॉलोनी सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहनों की तलाशी ली गई तथा आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी आपराधिक तत्व या बाहरी व्यक्ति द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश को रोकने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है तथा गश्ती बढ़ा दी गई है।उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानूनसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम लोगों से भी चुनाव के दौरान शांति बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

### डीएमयू मेंटेनेंस शेड क्षेत्र में आरपीएफ की गश्त तेज

**साहिबगंज :** डीएमयू मेंटेनेंस शेड क्षेत्र में रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ ने गश्ती व्यवस्था कड़ी कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, मेंटेनेंस शेड की ओर ले जाई जा रही ट्रेनों पर कुछ शरारती तत्वों द्वारा पत्थरबाजी किए जाने की शिकायतें सामने आई थीं। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए आरपीएफ ने तत्काल सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी है.

बताया जा रहा है कि मेंटेनेंस शेड परिसर के साथ-साथ आसपास स्थित रेलवे क्वार्टरों के इलाके में भी नियमित गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके. आरपीएफ की टीम संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रख रही है।इस संबंध में आरपीएफ निरीक्षक गुलाम सरवर ने बताया कि ट्रेनों को मेंटेनेंस शेड में ले जाने के दौरान पत्थर मारने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं । जिनकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे के सभी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरपीएफ पूरी तरह सतर्क है और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

### सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**साहिबगंज :** सोशल मीडिया पर कथित रूप से अनधिकृत तरीके से फोटो वायरल करने के आरोप में नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान छोटी कुदर्जन्ना निवासी मोहम्मद मुबारक के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया पर बिना अनुमति फोटो प्रसारित किए जाने की शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की गई, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल जिम्मेदारी से करें. किसी की फोटो या सामग्री को गलत तरीके से वायरल करना अथवा आपत्तिजनक टिप्पणी करना कानूनन दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी ।

### कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में विजय सिंह सुम्बरूई और मो सलीम को किया निलंबित

**पश्चिमी सिंहभूम :** शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान पार्टी निदेशों की अवहेलना और अनुशासनहीनता के आरोप में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने विजय सिंह सुम्बरूई और मो सलीम को पार्टी से रविवार को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिला कांग्रेस कमेटी पश्चिमी सिंहभूम की ओर से की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रंजन बोयपाई की ओर से जारी पत्र के अनुसार, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गत दो फरवरी को पत्र के माध्यम से निर्देश दिया था कि नगर निगम में महापौर पद और नगर परिषद में अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों का चयन जिला राजनीतिक मामलों की समिति की सहमति से किया जाएगा। पार्टी केवल सर्वसम्मत उम्मीदवारों का ही समर्थन करेगी। इसके बाद पांच फरवरी को पत्र संख्या जारी कर निदेशों को दोहराया गया। इसमें स्पष्ट किया गया कि नामांकन वापसी की अंतिम तिथि छह फरवरी को अपराह्न तीन बजे तक निर्धारित है। जिन उम्मीदवारों को समिति का समर्थन प्राप्त नहीं है, उन्हें समय रहते नाम वापस लेने के लिए कहा गया था। साथ ही निदेशों की अवहेलना पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। इन निदेशों के अनुपालन में जिला कांग्रेस कमेटी पश्चिमी सिंहभूम ने छह फरवरी को विजय सिंह सुम्बरूई और मोसलीम को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्धारित समय सीमा में लिखित स्पष्टीकरण मांगा था। लेकिन दोनों की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। इसके बावजूद दोनों ने पार्टी के निदेशों की अवहेलना करते हुए अपनी गतिविधियां जारी रखीं। जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसार, यदि कोई स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ भी हो, तो वह पार्टी विरोधी गतिविधियों को उचित ठहराने में असफल रहा।

**मेरे करियर में मेरा**

# धर्म कभी बाधा नहीं बना: जोया




**अभिनेत्री** जोया आफरोज इन दिनों वेब सीरीज तस्करी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने हाल ही में बताया कि इंडस्ट्री धर्म को लेकर कभी भेदभाव नहीं करती है। अभिनेत्री ने हाल ही में फिल्म 'गांधी टॉक्स' की स्क्रीनिंग में शिरकत की थी। इस साइलेंट फिल्म का संगीत मशहूर संगीतकार ए. आर. रहमान ने दिया है। स्क्रीनिंग के दौरान अभिनेत्री ने आईएएनएस से बातचीत की। इस बातचीत में उन्होंने ए. आर. रहमान के 'कम्युनल' वाले बयान को सिरे से नकारते हुए कहा कि उनके धर्म के होने के बावजूद अभिनेत्री को फिल्म इंडस्ट्री में अब तक धर्म के आधार पर किसी भी तरह का भेदभाव झेलना नहीं पड़ा। जोया ने कहा, 'मेरा पर्सनल अनुभव अब तक ऐसा नहीं रहा है, और मुझे उम्मीद है कि आगे भी ऐसा नहीं होगा। हमारे देश में हम एकता और विविधता का जश्न मनाते हैं। मुझे लगता है कि हमें यही भावना हमेशा बनाए रखनी चाहिए। जोया ने आगे फिल्मों की सामाजिक जिम्मेदारी पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, 'फिल्में समाज का आईना होती हैं; वे जिंदगी को वैसा ही दिखाती हैं, जैसा है। अगर कोई फिल्म बच्चों के लिए नहीं है, तो उन्हें नहीं दिखानी चाहिए। इसीलिए सर्टिफिकेशन सिस्टम है। मुझे लगता है कि इसे ऐसे ही रखना चाहिए। 'गांधी टॉक्स' की बात करें तो यह फिल्म गांधी जी की तस्वीर को नोटों पर देखने और उनके आदर्शों के बीच के फर्क की कहानी को दिखाती है। इसकी कहानी एक ऐसे युवा व्यक्ति के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो पैसों के लिए संघर्ष करता है। उसकी जिंदगी में एक चोर की एंट्री होती है और यहीं से कहानी एक नया मोड़ लेती है। फिल्म व्यंग्य के जरिए समाज और मूल्यों पर सवाल उठाती है।

# सिद्धांत चतुर्वेदी ने यूपी की जड़ों और भोजपुरी के साथ भाषा से जुड़ी चुनौतियों पर की खुलकर बात



**अपनी** आगामी तथा चर्चित फिल्म 'दो दीवाने सहर में' के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बेहद निजी और भावनात्मक पहलू साझा किया है। उत्तर प्रदेश के बलिया में पले-बढ़े सिद्धांत ने अपनी जड़ों, भोजपुरी भाषा और मुंबई आने के बाद भाषा व आत्मविश्वास से जुड़ी उन खामोश चुनौतियों पर खासखबर के साथ खुलकर बात की, जिनका सामना अक्सर बाहर से आने वाले युवाओं को करना पड़ता है। अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए सिद्धांत ने बताया कि बलिया में बिताया गया बचपन न सिर्फ उनके उच्चारण बल्कि उनकी सोच का भी अहम हिस्सा रहा है। श को स कहने के बारे में वे कहते हैं, 'घर में बातचीत की भाषा भोजपुरी थी और आज भी मेरी मां भगवान शिव को प्यार से 'संकर भगवान' कहती हैं।' हालांकि सिद्धांत के लिए ये सिर्फ यादें नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव हैं, जो 'दो दीवाने सहर में' की स्क्रिप्ट पढ़ते वक्त और गहरे हो गए थे। खासखबर से बातचीत में सिद्धांत आगे कहते हैं, 'मेरे लिए यह हमेशा से काफी पर्सनल रहा है। जब मैं मुंबई आया, तो पहले पांच-छह साल मेरी हिंदी भी टूटी-फूटी थी। मैं भोजपुरी में ही बात करता था।' उन्होंने यह भी बताया कि भाषा किस तरह धीरे-धीरे आत्मविश्वास को प्रभावित करती है, खासकर तब, जब आप अपनी क्षेत्रीय पहचान के साथ किसी बड़े शहर में कदम रखते हैं। हालांकि टूटी हिंदी में बात करना, धीरे-धीरे अंग्रेज़ी सीखना और 'स' व 'श' जैसे उच्चारणों को लेकर सजग होना, ये सब ऐसी बातें हैं, जिनसे कई लोग गुजरते हैं, लेकिन कम ही खुलकर बोलते हैं। 'बात यह नहीं है कि आप यूपी, बिहार, राजस्थान, गुजरात, नॉर्थ-ईस्ट या नेपाल से आते हैं, बात ये है कि भाषा की दीवार होती ही है।




# अक्षय कुमार स्टारर 'भूत बंगला' की नई रिलीज डेट तय

बालाजी मोशन पिक्चर्स की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'भूत बंगला', जिसमें अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। पहले यह फिल्म 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक महीने पहले लाकर 10 अप्रैल 2026 को रिलीज किया जाएगा। मेकर्स के मुताबिक, रिलीज डेट को आगे लाने का फैसला पूरी तरह रणनीतिक है। इसमें दर्शकों की रुचि, बॉक्स ऑफिस प्रतिस्पर्धा और साल भर में अक्षय कुमार की व्यस्त थिएट्रिकल रिलीज लाइनअप को ध्यान में रखा गया है। फिल्म को ऐसा समय देने की कोशिश की गई है, जब सिनेमाघरों में ज्यादा भीड़ न हो और 'भूत बंगला' को पर्याप्त स्क्रीन व दर्शकों का ध्यान मिल सके।


**अच्छा खासा बज, जॉनर एंटरटेनर**

घोषणा के बाद से ही 'भूत बंगला' को लेकर दर्शकों के बीच अच्छा खासा बज बना हुआ है। यह फिल्म अक्षय कुमार को एक दमदार जॉनर एंटरटेनर में पेश करेगी। अक्षय भी इस बात पर खास ध्यान देते हैं कि उनकी हर फिल्म को सिनेमाघरों में पूरा और सही समय मिले, ताकि दर्शक आराम से फिल्म देख सकें और उसकी बॉक्स ऑफिस जर्नी को फॉलो कर सकें।

**मजबूत स्टारकास्ट और अनुभवी निर्देशक**

'भूत बंगला' को बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिवीजन है, केप ऑफ गुड फिल्म्स के साथ मिलकर पेश कर रहा है। फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है, जबकि इसे अक्षय कुमार, शोभा कपूर और एकता आर कपूर ने प्रोड्यूस किया है। गौरतलब है कि ह्यभूत बंगलाह्न अब 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# एक्शन अवतार में फिर लौटे सनी देओल



'गदर 2' और 'बॉर्डर 2' की जबरदस्त सफलता के बाद सनी देओल एक बार फिर बड़े एक्शन प्रोजेक्ट की तैयारी में जुट गए हैं। सनी ने चर्चित एक्शन फिल्म 'किल' के निर्देशक निखिल नागेश भट के साथ हाथ मिलाया है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर होगी, जिसमें सनी का बिल्कुल नया और दमदार अवतार देखने को मिलेगा।

**2026 के अंत में शुरू होगी शूटिंग**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सनी देओल ने निखिल नागेश भट की अगली फिल्म के लिए अपनी सहमति दे दी है। फिल्म की कहानी और शीर्षक को फिलहाल गोपनीय रखा गया है। सूत्रों के अनुसार, इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट की शूटिंग 2026 के आखिरी महीनों में शुरू की जाएगी। बताया जा रहा है कि यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी, फिल्म में सनी देओल का ऐसा अवतार देखने को मिलेगा, जो पहले कभी पर्दे पर नजर नहीं आया। एक्शन सीक्वेंस में कई सीटीमार पल होंगे, जो दर्शकों को रोमांच से भर देंगे।

'किल' जैसी हिंसक और चर्चित एक्शन फिल्म के निर्देशक के साथ सनी देओल की यह नई जुगलबंदी सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बनी हुई है। 'बॉर्डर 2' के बाद इस फिल्म की खबर से फैंस में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गौरतलब है कि सनी देओल के पास पहले से ही 'लाहौर 1947', 'इक्का' और 'रामायण' जैसी बड़ी फिल्में हैं। ऐसे में निखिल नागेश भट के साथ आने वाली यह नई एक्शन फिल्म सनी के करियर में एक और बड़ा अध्याय जोड़ने के लिए तैयार मानी जा रही है।

## सिनेमाघरों में फिर लौटी 'सैयारा'

वेलेंटाइन डे 2026 के खास मौके को और यादगार बनाने के लिए अहान पांडे और अनीत पड्डा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'सैयारा' एक बार फिर बड़े पर्दे पर लौट आई है। करीब आठ महीने पहले रिलीज हुई इस म्यूजिकल लव स्टोरी ने अपनी ताजा और दिल छू लेने वाली केमिस्ट्री से दर्शकों का दिल जीत लिया था। अब वेलेंटाइन वीक के दौरान फैंस को दोबारा उसी इमोशनल सफर से जोड़ने के लिए फिल्म को री-रिलीज किया गया है।

**7 से 13 फरवरी तक खास स्क्रीनिंग**

वैलेंटाइन डे से पहले फैंस को सरप्राइज देते हुए 'सैयारा' 7 फरवरी से चुनिंदा सिनेमाघरों में दोबारा दिखाई जा रही है। हालांकि निमार्ताओं की ओर से औपचारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म्स पर फिल्म के शो लिस्ट हो चुके हैं। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और पुणे जैसे बड़े शहरों के कुछ थिएटर्स में 7 से 13 फरवरी तक फिल्म के विशेष शो रखे गए हैं, ताकि दर्शक फिर से बड़े पर्दे पर इस रोमांटिक सफर का आनंद ले सकें।

# उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर पहुंचे बॉलीवुड सिंगर मीका सिंह, भस्म आरती में हुए शामिल

**नंदी हॉल में बैठकर डेढ़ घंटे किए दर्शन, बोले- भक्ति का अनुभव अद्भुत है**

**उज्जैन :** बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक मीका सिंह शनिवार तड़के करीब चार बजे विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। वे तड़के होने वाली भस्म आरती में शामिल हुए और नंदी हॉल में बैठकर लगभग डेढ़ घंटे तक भगवान महाकाल के दर्शन किए। आरती के दौरान मीका सिंह पूरी तरह भक्ति में लीन नजर आए। आरती के पश्चात उन्होंने देहरी से पूजन कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। मीका सिंह इंदौर में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने आए थे। इसी दौरान वे उज्जैन पहुंचकर श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन और पूजन-अर्चन के लिए पहुंचे। मंदिर पहुंचने पर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने मीका सिंह का आत्मीय स्वागत एवं सत्कार किया। इस अवसर पर उन्हें बाबा महाकाल का प्रसाद और स्मृति चिह्न भेंट किया गया। दर्शन के पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए मीका सिंह ने अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि भगवान महाकाल ने उन्हें अपने दर्शन के लिए बुलाया। जब भी वे इंदौर आते हैं, उज्जैन आकर महाकाल मंदिर में दर्शन अवश्य करते हैं। मीका सिंह ने भस्म आरती के अनुभव को अद्वितीय और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देने वाला बताया। गायक ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई और भव्य माहौल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां का वातावरण बहुत ही शांतिपूर्ण और प्यारा है। उन्होंने आगे कहा कि वे अपने परिवार और प्रशंसकों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करने आए हैं ।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 : उलटफेर का शिकार होने से बचा पाकिस्तान, नीदरलैंड्स को 3 विकेट से हराया

**एजेंसी**

**कोलंबो (श्रीलंका) :** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान को नीदरलैंड्स के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। हालांकि ऑलराउंडर फहीम अशरफ की सूझबूझ भरी पारी की बदौलत टीम ने बड़ा उलटफेर टालते हुए मैच 3 विकेट से अपने नाम कर लिया। यह मुकाबला शनिवार को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेला गया।



टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड्स की टीम ने आक्रामक शुरूआत की। माइकल लेविट (15 गेंदों में 24 रन) ने पावरप्ले में शानदार शॉट्स लगाए और टीम को 6 ओवर में 50/2 तक पहुंचाया। हालांकि, उन्हें मोहम्मद नवाज ने आउट कर दिया। 10 ओवर के बाद नीदरलैंड्स का स्कोर 79/3 था और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (37) तथा बास डे लीडे (30) टीम को मजबूत स्कोर की ओर ले जाते दिख रहे थे।

15 ओवर में स्कोर 123/4 हो चुका था और ऐसा लग रहा था कि नीदरलैंड्स 170 से ऊपर का स्कोर बना लेगा, लेकिन यहीं से मैच का रुख बदल गया।

पाकिस्तानी स्पिनरों ने जबरदस्त वापसी की। अबरार अहमद (2/23) और साइम अयूब (2/7) की घातक गेंदबाजी के सामने नीदरलैंड्स की बल्लेबाजी बिखर गई। टीम ने आखिरी 6 विकेट सिर्फ 20 रन के भीतर गंवा दिए और 19.5 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई।

148 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत भी दमदार रही। साइम अयूब (24) ने दूसरे ओवर में लगातार तीन चौके जड़े, जबकि साहिबजादा फरहान ने शानदार अंदाज में 31 गेंदों पर 47 रन बनाए। 98/2 के स्कोर पर पाकिस्तान की जीत लगभग तय नजर आ रही थी,

लेकिन इसके बाद मैच में जबरदस्त नाटकीय मोड़ आया। पाकिस्तान ने महज 2 रन के भीतर साहिबजादा फरहान, उस्मान खान और बाबर आजम के विकेट गंवा दिए और स्कोर 105/5 हो गया। इसके बाद मोहम्मद नवाज और शादाब खान भी पवेलियन लौट गए और टीम 114/7 पर संकट में फंस गई।

अंतिम दो ओवरों में पाकिस्तान को 29 रन चाहिए थे। ऐसे मुश्किल हालात में फहीम अशरफ ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने 19वें ओवर में लोगन वैन बीक की गेंदों पर 24 रन बटोरकर मैच का पासा पलट दिया। इसके बाद अंतिम ओवर की तीसरी गेंद पर विजयी चौका लगाकर पाकिस्तान को जीत दिलाई।

नीदरलैंड्स के मजबूत प्रदर्शन के बावजूद पाकिस्तान को राहत की सांस मिली और टूनार्मेंट की शुरूआत जीत के साथ की। खास बात यह भी रही कि यह मुकाबला ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान ने ग्रुप स्टेज में भारत के खिलाफ होने वाले मैच के बहिष्कार की घोषणा की है।

# सूर्यकुमार की तूफानी पारी से भारत की दमदार शुरूआत, अमेरिका को 29 रन से हराया

**एजेंसी**

**मुंबई :** टी20 विश्व कप 2026 में भारत ने जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत करते हुए अमेरिका को 29 रन से पराजित किया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 161 रन बनाए, जिसके जवाब में अमेरिकी टीम 20 ओवर में 132 रन ही जुटा सकी।




टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनने वाली अमेरिकी टीम ने शुरूआती ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। भारत को शुरूआती झटके लगे-अभिषेक शर्मा और शिवम दुबे खाता खोले बिना लौटे। ईशान किशन (20) और तिलक वर्मा (25) ने कुछ योगदान दिया, लेकिन पारी की असली धुरी कप्तान सूर्यकुमार यादव रहे।

सूर्यकुमार ने जिम्मेदारी भरी बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 84 रन बनाए। 49 गेंदों की उनकी पारी में सधी हुई आक्रामकता दिखी, जिसने भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उनकी पारी ने मध्यक्रम को संभाला और टीम को मजबूत स्थिति दी।

अमेरिका की ओर से शेडली वैन शाल्कविक ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 25 रन देकर 4 विकेट झटके। उन्होंने एक ही ओवर में ईशान, तिलक और दुबे को आउट कर मैच का रुख पलटने की कोशिश की। हरमीत सिंह को भी दो विकेट मिले।

लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिका की शुरूआत ठीक रही, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर दबाव बनाए रखा। मोहम्मद सिराज सबसे सफल गेंदबाज रहे-उन्होंने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। गौरतलब है कि सिराज को चोटिल हर्षित राणा की जगह टीम में शामिल किया गया था। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लेकर जीत सुनिश्चित की, जबकि वरुण चक्रवर्ती को एक सफलता मिली। हार्दिक पांड्या महंगे जरूर साबित हुए, लेकिन टीम की जीत पर असर नहीं पड़ा।

इस जीत के साथ भारत ने टूनार्मेंट में मजबूत आगाज किया है, जबकि इससे पहले पाकिस्तान और वेस्टइंडीज भी अपने शुरूआती मुकाबले जीत चुके हैं। भारत की नजर अब इस लय को आगे के मैचों में बरकरार रखने पर होगी।

# किसानों के हित सर्वोपरि, ट्रेड डील से भारतीय कृषि उत्पादों को कोई नुकसान नहीं : शिवराज

एजेंसी

**भोपाल :** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह डील पूरी दुनिया को यह संदेश देती है कि भारत की नीति समझौते की है, समझौते में झुकने की नहीं। इस समझौते में ऐसा कोई भी उत्पाद शामिल नहीं है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचे। किसानों के हित सर्वोपरि हैं, उन पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी।केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान रविवार को अपने भोपाल स्थित आवास पर भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील को लेकर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संतुलित रणनीति अपनाकर सकारात्मक संवाद करते हुए यह ट्रेड डील की गई है। डिप्लोमेसी मतलब राष्ट्र प्रथम, डेवलपमेंट यानी विकसित भारत की दिशा में भारतीय कदम बढ़ाने लिए ट्रेड डील बड़ा आधार है। भारतीय कृषि और किसान की सारी चिंताओं का समाधान इस ट्रेड डील में किया गया है। यह डील हमारे कृषि



उत्पादों को नए अवसर प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि और किसान को सर्वोपरि रखा गया है। यूपीए की सरकार में भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी और अब हम तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। हमारे वो सारे कृषि उत्पाद, जो हमारे किसानों की मूल ताकत है, उन सबको इस समझौते से बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील अपने आप में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयाँ और गति देने वाली है। यह समझौता केवल व्यापारिक समझौता नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड डील डिप्लोमेसी, डेवलपमेंट और डिग्निटी का एक उत्तम उदाहरण है। यह ट्रेड डील हमारे किसानों को न केवल पूरी तरह से सुरक्षित रखती है, बल्कि हमारे कृषि उत्पादों को नए अवसर प्रदान करती है। चौहान ने कहा कि अगर कृषि और कृषि उत्पादों को देखें, तो भारतीय किसानों को नुकसान हो, ऐसा कोई भी उत्पाद सम्मिलित नहीं किया गया है। सभी ऐसी वस्तुओं को समझौते के बाहर रखा गया है। सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूँ, चीनी, मोटे अनाज, पोल्ट्री, डेयरी, केला, स्ट्रॉबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग, तिलहन, इथेनॉल, तंबाकू जैसे उत्पादों पर कोई टैरिफ में छूट नहीं दी गई है। सबसे ज्यादा चिंता इसी बात की थी कि हमारे प्रमुख अनाज सुरक्षित रहने चाहिए, वो सब के सब सुरक्षित रखे गए हैं। प्रमुख अनाज, प्रमुख फल, हमारे डेयरी उत्पाद उनके लिए कोई द्वार अमेरिका के लिए नहीं खोला गया है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय किसानों के कई कृषि उत्पादों को अमेरिका में शून्य शुल्क पर निर्यात किया जाएगा, लेकिन अमेरिकी किसानों के कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में यह छूट नहीं दी गई है। भारत के कृषि और डेयरी के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। कृषि क्षेत्र में कई उत्पादों पर जो टैरिफ था, उसे अमेरिका ने 50 परसेंट से घटाकर शून्य किया है। इनमें मसाले प्रमुख हैं, हमारे मसालों का बड़ी मात्रा में निर्यात होता है। इसके अलावा चाय, कॉफी, नारियल, नारियल का तेल, सुपारी, काजू, वनस्पति मोम, एवोकाडो, केला, अमरूद, आम, कीवी, पपीता, अनानास, मशरूम तथा जौ जैसे कुछ अनाज भी इसमें सम्मिलित हैं।

उन्होंने कहा कि डब्बा बंद सब्जियां भी भारत नहीं आएंगे। वर्ष 2024-25 में 4.45 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने के साथ भारत ने वैश्विक निर्यातक के रूप में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखी है और हमारे मसाला निर्यात में 88 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अब हमारे मसालों को भी नया बाजार मिलेगा। भारत अमेरिका से काली मिर्च, लौंग, सूखी हरी मिर्च, दालचीनी और अन्य पाउडर मसाले नहीं मंगवाएगा। भारतीय किसानों के कई कृषि उत्पादों को अमेरिका में शून्य शुल्क पर निर्यात किया जाएगा, लेकिन अमेरिकी किसानों के कृषि उत्पादन को भारतीय बाजार में यह छूट नहीं मिली है।

उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि बाजार में अगर ऐसा कोई उत्पाद आता है तो उनको टैरिफ में जाना पड़ेगा। समझौते से भारतीय किसान, महिलाएं और विशेष कर

## यमुनानगर में दो जगह फायरिंग, बढ़ाई गई सुरक्षा

एजेंसी

**यमुनानगर :** यमुनानगर में शनिवार देर रात हुई दो अलग-अलग फायरिंग की घटनाओं से शहर के कई इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें तुरंत सक्रिय हुईं और दोनों स्थानों को सुरक्षा घेरे में लेकर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस के अनुसार पहली घटना जगाधरी रोड पर स्थित एक निजी मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल के बाहर हुई, जहां युवकों ने अचानक फायरिंग की। इसके कुछ समय बाद ही शहर के व्यस्त क्षेत्र में स्थित सिटी मॉल के बाहर भी गोली चलने की सूचना मिली। दोनों घटनाओं की प्रकृति समान होने के कारण पुलिस इन वारदातों को आपस में जोड़कर जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर दोपहिया वाहन पर सवार होकर आए थे और गोलियां चलाने के बाद मौके से फरार हो गए। राहत की बात यह रही कि इन घटनाओं में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन देर रात सार्वजनिक स्थानों पर हुई गोलीबारी ने आमजन की सुरक्षा को लेकर चिंता जरूर बढ़ा दी है।

पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। संदिग्धों की पहचान और उनकी गतिविधियों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

एहतियातन शहर के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ रात की गश्त भी बढ़ा दी गई है।

## मध्य प्रदेश में सर्दी ने फिर पकड़ा जोर, कटनी-शहडोल उमरिया में पारा 4 डिग्री से नीचे, कई शहरों में कोहरा

✔ प्रदेश के 13 शहरों में 10 डिग्री से कम तापमान

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में ठंड ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। लगभग 15 दिनों के अंतराल के बाद रात का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। प्रदेश में कटनी, शहडोल और उमरिया सबसे ठंडे जिले रहे। कटनी के करौंदी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि राज्य के 13 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया। पिछले तीन दिनों से ठंड का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। कई जिलों में रात के तापमान में गिरावट देखी गई है। शनिवार रात भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में न्यूनतम तापमान



11 डिग्री रहा। वहीं, जबलपुर में 10.8 डिग्री और उज्जैन में 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य शहरों की बात करें तो करौंदी में 3.5 डिग्री, शहडोल के कल्याणपुर में 4.9 डिग्री और उमरिया में 7 डिग्री तापमान रहा। रीवा और खजुराहो में 7.4 डिग्री, मंडला में 7.9 डिग्री, नौगांव में 8.8 डिग्री, सतना में 8.9 डिग्री तथा राजगढ़ और शिवपुरी में 9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। पचमढ़ी में 9.4 डिग्री और दमोह व मलाजखंड में 9.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### अभी दो दिन और सताएगी ठंड, फिर बढ़ेगा पारा

मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक प्रदेश में तेज सर्दी का असर बना रहेगा। इसके बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। फिलहाल ग्वालियर, चंबल, सागर, जबलपुर और शहडोल संभाग में ठंड का असर सबसे अधिक है। प्रदेश के पांच बड़े शहर भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर–में भी तापमान 13 डिग्री से नीचे बना हुआ है। इन जिलों में 8 और 9 फरवरी को भी सर्दी का असर जारी रहेगा। इधर, रविवार सुबह ग्वालियर-चंबल संभाग में हल्का कोहरा देखने को मिला। मौसम विभाग ने फिलहाल कोहरा और बारिश की संभावना से इनकार किया है। दिन में तेज धूप खिलने के आसार हैं, हालांकि भोपाल, सीहोर, गुना, ग्वालियर, भिंड, मुरैना सहित कई जिलों में सर्द हवाएं चलेंगी। देर रात और सुबह के समय ठंड का असर अधिक महसूस होगा।

## मुंबई के कई इलाकों जल संकट

एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई पूर्वी उपनगर के एम पूर्व और एम पश्चिम विभाग में पानी की सप्लाई को बेहतर बनाने के लिए मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसलिए मुंबई मनपा ने इन विभागों के कई हिस्सों में काम के दौरान पानी आपूर्ति बंद रखने का फैसला किया है। यह मरम्मत कार्य गुरुवार 12 फरवरी की रात 2 बजे से शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 की सुबह 8 बजे तक चलेगा। इस क्षेत्र में मानखुर्द, गोवंडी, शिवाजी नगर, देवनार और चेंबूर के कई इलाके आते हैं। मुंबई मनपा ने इस दिन पानी के संयमित इस्तेमाल और पानी बचाकर रखने की अपील जनता से की है। एम पूर्व के वार्ड नंबर 146, 147, 148) और एम पश्चिम के वार्ड नंबर 154 व 155 में कुल 30 घंटे के लिए पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद रहेगी. मनपा अधिकारियों के अनुसार एम पूर्व और एम पश्चिम विभाग में पानी की सप्लाई बढ़ाने के लिए, तुर्भे लो-लेवल जलाशय में 1200 मिमी डायमीटर के इनलेट वॉटर पाइप पर 1200 मिमी डायमीटर का गेट लगाया जाएगा। साथ ही, तुर्भे लो-लेवल जलाशय को पानी सप्लाई करने वाले 1200 मिमी डायमीटर के इनलेट वॉटर पाइप को टनल शाफ्ट से जोड़ने के लिए 1200 मिमी डायमीटर का वॉटर कनेक्शन लगाया जाएगा। सावधानी के तौर पर अगले 3 दिनों तक पानी उबालकर और छानकर पीने की सलाह दी गई है।

### इन इलाकों में नहीं आएगा पानी

एम पूर्व विभाग- एचपीसीएल, रिफाइनरी, एचपीसीएल. कॉलोनी, वरुण बेवरेजेज, बीएआरसी, गवनपाड़ा, इंडियन ऑयल कंपनी लिमिटेड, बीपीसीएल कॉलोनी, टाटा कॉलोनी, नित्यानंद बाग, राणे चॉल, आरसीएफ कॉलोनी, ओल्ड रिफाइनरी एरिया, भारत नगर, जे. प्लॉट, हाशु आडवाणी नगर, अनिक गांव, एमएसीबी कॉलोनी, सह्याद्री नगर, आरएनए उद्यान, म्हाडा कॉलोनी, रॉकलाइन बिल्डिंग्स, विष्णु नगर, वीडियोकॉन बिल्डिंग्स, एसजी केमिकल बिल्डिंग, प्रयागनगर, ओम-गणेश नगर, राहुल नगर, अशोक नगर में पानी सप्लाई बंद रहेगी।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर आज छत्तीसगढ़ दौरे पर, 'बजट संवाद' कार्यक्रम में होंगे शामिल

एजेंसी

**रायपुर :** केंद्रीय ऊर्जा और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर आज रविवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। अपने इस दौरे के दौरान केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे और स्थानीय मीडिया से रू-ब-रू होंगे। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल मध्याह्न 12:15 बजे दिल्ली से निजी विमान के द्वारा स्वामी विवेकानंद विमानतल, रायपुर पहुँचेंगे। यहाँ से वे कुछ देर के लिए राज्य अतिथि गृह 'पहुना' पहुँचेंगे। इसके बाद दोपहर 01 बजे नया सर्किट हाउस के कॉन्फ्रेंस हॉल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। निर्धारित

कार्यक्रमानुसार केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल राजधानी के होटल बेबीलोन इंटरनेशनल में आहूत 'बजट संवाद कार्यक्रम' में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। इस दौरान वे बजट के प्रमुख पहलुओं और विकास योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज शहडोल के सीतामढ़ी धाम ग्राम गंधिया में माता शबरी की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रविवार को शहडोल जिले के जयसिंहनगर में सीतामढ़ी धाम ग्राम गंधिया में माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। जनसंपर्क अधिकारी गजेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि सीतामढ़ी धाम श्रीरामचन्द्र पथगमन मार्ग में आता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री राम वन गमन की यात्रा अयोध्या से शुरू कर चित्रकूट होते हुए दण्डकारण्य होकर श्री लंका पहुंचे थे। इस यात्रा के दौरान 248 प्रमुख स्थलों पर उन्होंने विश्राम किया था। शहडोल जिले का गंधिया ग्राम भी इन 248 चिन्हित स्थानों में से एक है। दण्डकारण्य में प्रवेश से पूर्व ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम माता सीता तथा अनुज लक्ष्मण भी का गंधिया ग्राम में विश्राम हुआ था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे इस गांव में माता सीता की रसोई तथा भगवान श्रीराम मंदिर मौजूद है। मुख्यमंत्री 767 करोड़ लाख रूपयों की लागत वाले 142 कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं भूमि-पूजन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज रविवार को जयसिंहनगर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गंधिया में आयोजित कार्यक्रम में 767 करोड़ की लागत वाले निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इन कार्यों में 633 करोड़ रूपए लागत वाले 82 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। इन कार्यों में एमपी आरडीसी, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भवन, मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय प्रशासन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, जनजातीय कार्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग तथा मध्यप्रदेश पूर्व विद्युत क्षेत्र वितरण कंपनी के कार्य शामिल हैं।

### इन कार्यों का होगा भूमि–पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 134 करोड़ की लागत वाले 60 निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। इन कार्यों में जनजातीय कार्य विभाग के 27 कार्य लागत 33 करोड़, नगरीय प्रशासन विभाग के 02 कार्य लागत 28 करोड़, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के 05 कार्य लागत 25 करोड़, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के 05 कार्य लागत 20 करोड़, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग भवन पीआईयू, के 02 कार्य लागत 10.74 करोड़, मध्यप्रदेश पूर्वी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के 02 कार्य लागत 07 करोड़ 77 लाख, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 12 कार्य लागत 4 करोड़ 78 लाख, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 02 कार्य लागत 2करोड़ 39 लाख तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के 03 कार्य लागत 1.5 करोड़ की लागत वाले कार्य शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव धनपुरी में नवनिर्मित वॉटर पार्क का करेंगे लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव धनपुरी नगरपालिका द्वारा 20 करोड़ रूपए की लागत से बनाए गए वॉटर पार्क का लोकार्पण करेंगे। वॉटर पार्क में क्लब हाउस, स्वीमिंग पूल, बच्चों एवं युवाओं के मनोरंजन के व्यवस्था की गई है। स्वीमिंग पूल का निर्माण, मिनी ओलंपिक के मापदण्ड के अनुसार किया गया है।

### 15 हितग्राहियों को नियुक्ति पत्र किये जायेंगे वितरित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि के 15 हितग्राहियों को नियुक्त पत्र भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम में वनाधिकार पट्टों का वितरण, ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों को सीसीएल का वितरण, महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण किट, स्पांसरशिप योजना का लाभ तथा श्रम विभाग द्वारा दुर्घटना, मृत्यु एवं, सामान्य मृत्यु के हितग्राहियों को राहत राशि का वितरण किया जाएगा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### यमुनानगर में छात्र की चाकू मारकर हत्या

**यमुनानगर :** यमुनानगर जिले में शनिवार रात कॉलेज से जुड़े पुराने विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आपसी समझौते के नाम पर बुलाए गए तीन युवकों पर चाकू से हमला कर दिया गया, जिसमें एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान नागल गांव निवासी 18 वर्षीय आदित्य के रूप में हुई है, जो यमुनानगर एक कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र था। हमले में खजूरी निवासी राजकुमार और अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार जारी है। राजकुमार की हालत नाजुक बताई जा रही है और उसे चंडीगढ़ के एक अस्पताल में रेफर किया गया है। परिजनों और पुलिस के अनुसार, आदित्य का कॉलेज के ही एक छात्र रक्षित से किसी पुराने विवाद को लेकर तनाव चल रहा था। इसी विवाद को सुलझाने के बहाने रक्षित ने आदित्य और उसके साथियों को शनिवार शाम खजूरी गांव स्थित एक धर्मशाला में बुलाया था। बातचीत के दौरान अचानक कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान रक्षित ने तेजधार हथियार से आदित्य के गले पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए राजकुमार पर भी चाकू से वार किया गया। अर्जुन को भी हमले में गंभीर चोटें आईं। घटना के समय आरोपितों के साथ कई अन्य युवक भी मौजूद थे, जिन्होंने हमले में सहयोग किया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने आदित्य को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना जठलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मुख्य आरोपी रक्षित और उसके पिता प्रीतम सिंह के खिलाफ हत्या सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। अन्य आरोपियों की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। एहतियातन खजूरी गांव और सिविल अस्पताल परिसर में पुलिस बल तैनात किया गया है।

### खादिकुल विस्फोट कांड में नया विवाद, तृणमूल युवा पद को लेकर राजनीतिक हलचल

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के एगरा में खादिकुल विस्फोट कांड को लेकर एक बार फिर राजनीतिक विवाद गहराता जा रहा है। वर्ष 2023 में खादिकुल स्थित अवैध पटाखा कारखाने में हुए भयावह विस्फोट के आरोपित भानु बाग के परिवार के एक सदस्य को तृणमूल कांग्रेस युवा शाखा का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाए जाने से राजनीतिक महकमे में हलचल मच गई है। गौरतलब है कि मई 2023 में खादिकुल गांव में हुए विस्फोट में 11 लोगों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद स्थानीय पटाखा कारोबारी भानु बाग का नाम मुख्य आरोपित के रूप में सामने आया था। बाद में ओडिशा में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। तब से ही विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस पर अवैध पटाखा कारोबार को संरक्षण देने का आरोप लगाते रहे हैं। अब आरोपित भानु बाग के परिवार के सदस्य को संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपे जाने से पुराना विवाद फिर उभर आया है। शनिवार शाम भाजपा के कार्यक्रम में एगरा भाजपा नेता अरूप दास ने इस नियुक्ति को लेकर तृणमूल पर हमला बोलते हुए कहा है कि यह कदम अपराध और अपराधियों से समझौते का उदाहरण है। भाजपा नेताओं का आरोप है कि जिन घटनाओं में निर्दोष लोगों की जान गई, उनसे जुड़े परिवार को राजनीतिक पद देना पीड़ितों के साथ अन्याय है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के ब्लॉक नेतृत्व ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि नियुक्ति संगठनात्मक कार्य और सक्रियता के आधार पर की गई है। किसी एक व्यक्ति पर लगे आरोपों की जिम्मेदारी उसके परिवार के अन्य सदस्यों पर नहीं डाली जा सकती।

### मणिपुरः अलग-अलग अभियानों में उग्रवादी संगठनों के तीन कैडर गिरफ्तार

**इंफाल :** राज्य में जबरन वसूली और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए इंटेलिजेंस आधारित कॉम्बिंग, घेराबंदी और तलाशी अभियान बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे हैं।

मणिपुर पुलिस मुख्यालय की तरफ से आज जारी बयान के अनुसार शनिवार को सुरक्षा बलों ने प्रीपाक (प्रो) के एक सक्रिय जबरन वसूली करने वाले कैडर, सगोलसेम जॉयचंद्र सिंह (47) उर्फ बुंगचा, जो काकवा मखा नामेइरकपम लीकाई का रहने वाला है, को इंफाल पूर्वी जिले के इरिलबंग थाना क्षेत्र के कोंगबा नंदेइबम लीकाई इलाके से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक मोबाइल फोन, 40 रुपये समेत एक बटुआ और एक आधार कार्ड बरामद किया गया। इसी दिन सुरक्षा बलों ने प्रीपाक के एक सक्रिय कैडर, सेराम मणिमतुम मीतेई उर्फ मणि (20) को गिरफ्तार किया गया। आरोपित इंफाल पश्चिम जिला के सेकमाई थानांतर्गत सेन्जम खुनौ मयाई लीकाई का रहने वाला है। उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। वहीं, अन्य एक अभियान में सुरक्षा बलों ने काकचिंग जिला के काकचिंग थानांतर्गत काकचिंग लमखाई इलाके से एक जबरन वसूली करने वाले केवाकेएल कैडर तखेलंबम मोहन सिंह (31) को गिरफ्तार किया गया। आरोपित काकचिंग जिला के पल्लेल मानिंग लीकाई का रहने वाला है । उसके पास से एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। उल्लेखनीय है कि सुरक्षा बल जिलों के सीमावर्ती और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और एरिया डोमिनेशन जारी रखे हुए हैं। इसी कड़ी में शनिवार को मणिपुर के अलग-अलग जिलों में, पहाड़ों और घाटी दोनों में, कुल 114 नाके/चेकपॉइंट लगाए गए, हालांकि किसी को हिरासत में नहीं लिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर जरूरी सामान ले जा रहे 303 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। सभी संवेदनशील जगहों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है और वाहनों की सुरक्षित और बिना किसी रुकावट के आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील हिस्सों में सुरक्षा काफिला मुहैया कराया गया है।

### बागपतः निवाड़ा गांव के सेंकडो लोग मतदान से हुए वंचित

**बागपत :** उत्तरप्रदेश के बागपत जिले में सैकड़ों लोगों के वोट काट दिए गए है। निवाड़ा गांव के लोगों ने जिला प्रशासन से शिकायत की है और वोट का अधिकार मांगा है। एडीएम बागपत ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। मामला बागपत जिले के निवाड़ा गांव का है। गांव निवासी रविंद्र बालियांन ने बताया कि गांव में सैकड़ो ऐसे लोग हैं,जो घूमंतू जाति से आते है और दो दशक से बागपत के निवाड़ा गांव में रह रहे है। यहीं पर उन्होंने पक्के मकान भी बना लिए है। उनको गांव में वोट का अधिकार भी दिया गया था। उनके आधार कार्ड भी बने हुए है। लेकिन मुस्लिम बहुल गांव होने के कारण यहां ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर उनके साथ राजनीतिक षड्यंत्र के चलते वोटर लिस्ट से नाम काट दिए गए है। ग्राम प्रधान पर वोट कटवाने का आरोप लगाते हुए लोगड़ियां लुहार समुदाय के लोगों ने जिला प्रशासन से वोट बनवाने की अपील की है। शिकायत में कहा गया है कि 800 से 1200 वोट काटे गए हैं। जिन्हें जुड़वाने की मांग की जा रही है। ग्राम पंचायत चुनाव आने वाले हैं जिसको लेकर सारा मामला गरमाया हुआ है। बीएलओ द्वारा भी उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है क्योंकि लोग हिंदू समुदाय के लोगड़ियां लुहार जाति से आते हैं जो अशिक्षित हैं। उनको लिखना पढ़ना भी नहीं आता है। जिससे उनका उत्पीड़न किया जा रहा है और वोटिंग के अधिकार से उनको वंचित कर दिया गया है।

# निर्वाचन प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं मतदान पदाधिकारी : उपायुक्त



**संवाददाता**

**दुमका:** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदान पदाधिकारियों का शनिवार को जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायती राज कार्यालय में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने मतदान प्रक्रिया में संलग्न सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि मतदान पदाधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं।उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान मतपेटिका को खोलने एवं बंद करने की प्रक्रिया को विशेष रूप से स्पष्ट रूप से समझाने का निर्देश देते हुए कहा कि मतदान के प्रारंभ एवं समापन के समय निर्धारित प्रक्रियाओं का पूर्ण रूप से पालन किया जाना अनिवार्य है।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान मतदान से पूर्व की तैयारियों, मतदान दिवस पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, मतपेटिका की सीलिंग-अनसीलिंग, मतदान समाप्ति के उपरांत अभिलेखों के संधारण सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। उपायुक्त ने कहा कि सभी मतदान पदाधिकारी अपने दायित्वों को गंभीरता से समझें और किसी भी प्रकार की शंका होने पर तत्काल वरीय पदाधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप कार्य करना प्रत्येक मतदान पदाधिकारी का कर्तव्य है तथा प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारियों को भली-भांति आत्मसात करते हुए चुनाव कार्य में लागू किया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान प्रक्रिया से संबंधित तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

## निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी निर्वाचन करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताः उपायुक्त

**दुमकाः** समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को नगरपालिका (आम) निर्वाचनझ2026 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी। नगर पालिका आम निर्वाचन की घोषणा के उपरांत निर्धारित शनिवार को तिथि के अनुसार दुमका नगर परिषद् (वग ख) एवं बासुकीनाथ नगर पंचायत के सभी वैध प्रत्याशियों के बीच प्रतीक चिन्ह का आवंटन कर दिया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुएउपायुक्त श्री सिन्हा ने बताया कि जिले के अंतर्गत कुल दो निकाय–दुमका नगर परिषद् (वर्गझख) तथा बासुकीनाथ नगर पंचायत–में निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित की जा रही है।

**दुमका नगर परिषद (वर्ग ख):**

अध्यक्ष पद हेतु कुल 19 नामांकन प्राप्त हुए, जिनमें 1 महिला एवं 18 अन्य शामिल हैं। 1 नामांकन वापसी हुई।



वार्ड सदस्य पद हेतु कुल 84 नाम निर्देशन प्राप्त हुए, जिनमें महिला आरक्षित 33 एवं अनारक्षित महिला 7 शामिल हैं।

2 नामांकन (महिला आरक्षित) अस्वीकृत हुए, जबकि कोई वापसी नहीं हुई।

कुल 2 वार्डों में निर्विरोध निर्वाचन हुआ–वार्ड 13 में महिला एवं वार्ड 20 में पुरुष प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

बासुकीनाथ नगर पंचायत में अध्यक्ष पद हेतु 6 नामांकन प्राप्त हुए, जो महिला आरक्षित श्रेणी के हैं।

वार्ड सदस्य पद हेतु कुल 81 नाम निर्देशन प्राप्त हुए, जिनमें महिला आरक्षित 20 एवं अनारक्षित महिला 8 शामिल हैं।

3 नामांकन अस्वीकृत (महिला-2, अन्य 1) तथा 4 नामांकन वापस (महिला-1, अन्य-3) लिए गए।

किसी भी वार्ड में निर्विरोध निर्वाचन नहीं हुआ। उपायुक्त श्री सिन्हा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु एसएसटी वीएसटी एवं एफएसटी की टीमें सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। अब तक आर्म लाइसेंस के अंतर्गत 41 हथियार जमा कराए जा चुके हैं। गैर-जमानती वारंट के 7 मामलों का निष्पादन किया गया है। साथ ही अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 87 लीटर शराब, 120 किलोग्राम जावा की जब्ती की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को जानकारी देते हुए उपायुक्त श्री सिन्हा ने बताया कि मतदान की तिथि-23।02।2026 है एवं मतगणना की तिथि-27।02।2026 है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारण किया गया है दुमका नगर परिषद् के लिए अध्यक्ष पद 6 लाख एवं वार्ड परिषद् 1.5 रुपए एवं बासुकीनाथ नगर पंचायत के लिए अध्यक्ष पद 5 लाख एवं वार्ड परिषद 1 लाख रुपए खर्च कर सकते हैं। उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी निर्वाचन कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

## नगर पंचायत बासुकीनाथ क्षेत्र के अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवारों का चुनाव चिन्ह आवंटित

**बासुकीनाथः** बासुकीनाथ नगर पंचायत चुनाव 2026 के लिए अध्यक्ष पद के लिए शनिवार को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है । बासुकीनाथ नगर पंचायत के निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि नगर पंचायत बासुकीनाथ के अध्यक्ष पद के लिए महिला उम्मीदवार क्रमशः पूनम देवी को एयर कंडीशनर, मधुमिता देवी को छड़ी, मनोरमा देवी को चूड़ियां, वन लता देवी को बैटरी टॉर्च, वीणा देवी को बेंच और सुषमा देवी को बिस्कुट चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। इसके अलावा नगर पंचायत बासुकीनाथ क्षेत्र के कुल 12 वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशियों के लिए चुनाव चिन्ह आवंटित भी कर दिया गया है।

## एनएच-320जी निर्माण व नाली निर्माण कार्य में अनियमितता पर विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने जताई नाराजगी



**कोलेबिराः** कोलेबिरा से मनोहरपुर तक निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-320जी के कार्य में भारी अनियमितता और लापरवाही को लेकर कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने तीखी नाराजगी जाहिर की है। सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद विधायक ने निर्माण एजेंसी, एनएच के इंजीनियरों और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की यह महत्वाकांक्षी परियोजना धरातल पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है।तीन वर्षों से लगभग 85 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य अटका हुआ है,जबकि अब तक 20 किलोमीटर सड़क भी पूरी नहीं हो सकी है।इस लापरवाही के कारण अब तक दर्जनों लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में जान जा चुकी है,वहीं पिछले सप्ताह ही तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

निरीक्षण के दौरान विधायक कोनगाड़ी ने पाया कि सड़क को जगह-जगह उखाड़ दिया गया है,गिट्टी बिखरी हुई है और निर्माण एजेंसी द्वारा नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है,जिससे दिनभर धूल उड़ती रहती है। धूल के कारण राहगीरों के स्वास्थ्य पर भारी असर पड़ रहा है।

**नाली निर्माण में भारी गड़बड़ीः** लचरागढ़ क्षेत्र में नाली निर्माण का निरीक्षण करते हुए विधायक ने कहा कि नाली का लेवल कहीं ऊपर तो कहीं नीचे है।सड़क से नाली में पानी निकासी के लिए बनाए गए हॉल सड़क से एक-डेढ़ फीट ऊपर हैं,जिससे सड़क का पानी किसी भी स्थिति में नाली में नहीं जा सकेगा।आने वाले समय में इससे सड़क के बीचों-बीच जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न होगी।

**एनएच के इंजीनियर अंधे हैं :** विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने तीखे शब्दों में कहा, एनएच के इंजीनियर अंधे हैं। ये लोग सिर्फ सरकारी पैसे की बंदरबांट कर रहे हैं। कागजों में सड़क बन रही है, जमीन पर सिर्फ लूट दिखाई दे रही है।

उन्होंने केंद्र सरकार के सेटेलाइट से निगरानी के दावों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह सिर्फ जनता को गुमराह करने का प्रयास है।

**पेड़ नहीं काटे जाने से बढ़ी दुर्घटनाएंः** विधायक ने बताया कि सड़क किनारे आज भी पेड़ खड़े हैं, जिन्हें अब तक नहीं हटाया गया है। सड़क पर पेड़ मौजूद होने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी हुई हैं,लेकिन संवेदक और विभाग द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है

**सदन में उठेगा मुद्दा, मुआवजे की मांगः** विधायक ने कहा कि वे इस मुद्दे को आगामी झारखंड विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठाएंगे।उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने के दरमियान ही उन्होंने सड़क राजमार्ग परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और उनके सेक्रेटरी को पत्राचार कर बेहतर सड़क निर्माण कार्य करने की मांग की थी अब फिर से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और उनके सचिव को पुनः पत्राचार करेंगे। उन्होंने मांग की कि सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों के परिजनों को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा उचित मुआवजा दिया जाए और लापरवाह एजेंसियों व अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज किया जाए। विधायक ने कहा, विकास के नाम पर सिर्फ शोषण हो रहा है। यह सड़क सुविधा नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं का कारण बन चुकी है।

### बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद ने चक्रधरपुर का किया दौरा

## अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार की होगी जीतः दीपक प्रकाश

**संवाददाता**

**चक्रधरपुरः** पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत चक्रधरपुर शहर स्थित मोदी आहार हॉल में आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर आयोजित महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक हुई। बैठक में बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश उपस्थित हुए। बैठक में संगठन की चुनावी तैयारियों, आगामी कार्यक्रमों तथा जमीनी स्तर पर कार्य को गति देने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर दीपक प्रकाश ने कहा कि 23 फरवरी को चक्रधरपुर नगर पालिका के अध्यक्ष पद का चुनाव



होना है। इस चुनाव में भाजपा पार्टी ने अपने समर्थित उम्मीदवार विजय सिंह गागराई को चुनावी मैदान में उतारा है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि भारी संख्या में विजय सिंह गागराई को तीन नंबर बटन में चूड़ियां छाप पर मोहर लगाकर विजय बनाएं। उन्होंने कहा चक्रधरपुर शहर सदा ही भाजपा का गढ़ रहा है ।और इस बार चक्रधरपुर शहर में भाजपा अपनी एक अलग नई पहचान बनाएगी ।उन्होंने कहा चक्रधरपुर का सर्वांगीण विकास विजय सिंह गागराई कर सकते हैं। आप लोग पार्टी पर आस्था रखते हुए भारी मतों से उन्हें विजय बनाएं। जिससे चक्रधरपुर शहर का सर्वांगीण विकास हो सके। इस मौके पर उन्होंने चुनाव से संबंधित कई दिशा निर्देश दिया। इस बैठक में मुख्य रूप से भाजपा चक्रधरपुर जिला अध्यक्ष दीपक पासवान, महामंत्री तीरथ जामुदा ,भाजपा पार्टी समर्थित उम्मीदवार विजय सिंह गागराई,मालती गिलुआ, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश साव ,अनूप दुबे, समेत काफी संख्या में भाजपाई तथा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नगर निकाय चुनाव 2026

## पूर्व वार्ड पार्षद राजू प्रसाद कसेरा को मिला बेबी वॉकर चुनाव चिन्ह



**चक्रधरपुरः** नगर परिषद के वार्ड पार्षद के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया।

चुनाव चिन्ह मिलने के पश्चात अब प्रत्याशिगण अपने प्रचार-प्रसार और जनसंपर्क अभियान में जुट गए हैं वार्ड संख्या चार से पूर्व वार्ड पार्षद राजू प्रसाद कसेरा को चुनाव चिन्ह बेबी वॉकर आवंटित हुआ है। राजू प्रसाद कसेरा को चुनाव चिन्ह आवंटित होने के साथ ही उनके समर्थकों, शुभचिंतकों, मित्र गणों तथा वार्ड



वासियों में हर्ष व्याप्त है और उनका मानना है कि पूर्व वार्ड पार्षद रह चुके राजू प्रसाद कसेरा के द्वारा वार्ड में किए गए विकास कार्य तथा उनके सार्थक प्रयास से भरपूर विकास कार्य किया गया जो उनकी विशेषता है और इस बार भी वह चुनाव चिन्ह बेबी वॉकर के साथ वार्ड संख्या चार से चुनावी मैदान में हैं। श्री कसेरा भाजपा नेता के साथ साथ समाजिक संख्या जननायक समिति के संस्थापक सदस्य भी हैं तथा उनके द्वारा समाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर सहभागिता लेना भी उनकी लोकप्रियता में शामिल है।

### नगर निकाय चुनाव 2026

## चुनावी मैदान में एक मात्र महिला प्रत्याशी अनुप्रिया सोय



**संवाददाता**

**चक्रधरपुरः** नगर परिषद् अध्यक्ष पद के चुनाव में यह एक पहला अवसर है जब आरक्षित पद रहने के पश्चात जहां पुरुष प्रत्याशियों की संख्या पांच है वहीं एक मात्र महिला प्रत्याशी अनुप्रिया सोय चुनावी मैदान में है।

अनुप्रिया सोय को राजनीति विरासत में मिली है क्योंकि इनके पिता स्वर्गीय विजय सिंह सोय अविभाजित बिहार के समय दिग्गज नेता पूर्व सांसद दो बार विधायक व अविभाजित पश्चिम सिंहभूम जिला के कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके हैं। स्वर्गीय विजय सिंह सोय 1985 में खरसावां से निर्दलीय विधायक बनकर इतिहास रचा था।इसके पश्चात 1990 में चाईबासा के जिला स्कूल प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गाँधी,तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ जगन्नाथ मिश्र,कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष लहटन चौधरी के उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हुए और 1990 में कांग्रेस से विधायक चुने गए। 1998 में सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से सांसद बने।इस प्रकार से अनुप्रिया सोय की राजनीति पकड़ और समझ मजबूत है तथा वर्तमान समय में वे एक मात्र महिला प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में हैं और उनका मानना है कि मैं एक मात्र महिला प्रत्याशी हूँ इस लिए मुझे सभी का समर्थन मिलेगा। अनुप्रिया के चुनावी मैदान में उतरने से उनके समर्थकों में हर्ष और उमंग देखा जा रहा है।

## बसंत पंचमी पर डुमरडीह गांव में भव्य मेला का आयोजन,जनप्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन





**संवाददाता**

**कोलेबिराः** प्रखंड अंतर्गत डुमरडीह ग्राम में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा एसटी मोर्चा जिला महामंत्री सह समाजसेवी मुनेश्वर तिर्की व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग एवं कोलेबिरा प्रखंड प्रमुख दुतामी हेम्ब्रोम ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता मुनेश्वर तिर्की ने कहा कि हमारी संस्कृति और सभ्यता को बचाकर रखना अत्यंत आवश्यक है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जुड़ते हुए आपसी एकता बनाए रखनी चाहिए। वहीं जिला परिषद सदस्य श्रीमती रोस प्रतिमा सोरेंग और प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी भाई-भाई हैं और हमें मिल-जुलकर आगे बढ़ना चाहिए। ऐसे मेला-जत्रा से आपसी मेल-मिलाप और भाईचारा मजबूत होता है। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रही। गायक-गायिकाओं में सोनी कुमारी, सुहाना देवी, नंद लाल लोहरा एवं पवन गोप ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। वहीं नृत्य कलाकार मनीषा नायक एवं तमन्ना सिंह ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा झूला, मिठाई एवं अन्य दुकानों से मेला परिसर गुलजार रहा। मौके पर कोलेबिरा प्रमुख दुतामि हेम्ब्रोम,समाजसेवी मार्टिन होरो,भाजपा नेता महेश सिंह, रोशन मुंडु, कृष्ण सिंह, सुरेंद्र लोहरा, नमेश्वर बड़ाइक, उदय सिंह, सत्येंद्र लोहरा सहित मेला कमिटी के सदस्य एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।